पंजाब लोक भवन

# संकल्प

त्रैमासिक पत्रिका

सत्यमेव जयते



फरवरी 2026 | मार्च 2026 | अप्रैल 2026

# संदेश



**गुलाब चंद कटारिया**
राज्यपाल, पंजाब एवं प्रशासक यू.टी. चंडीगढ़

## प्रिय पाठको

संकल्प पत्रिका के इस नवीन त्रैमासिक अंक को प्रस्तुत करते हुए मुझे संतोष और गर्व का अनुभव हो रहा है। यह अंक उस सक्रिय कालखंड का प्रतिबिंब है, जिसमें पंजाब और यूटी चंडीगढ़ में जनसेवा, सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई। यह संस्करण प्रशासन की जनोन्मुखी सोच, संवेदनशील कार्यशैली और समावेशी विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवधि में राष्ट्रीय विकास और सामाजिक सहभागिता को सुदृढ़ करने हेतु अनेक महत्वपूर्ण पहलें की गईं। केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए विकासोन्मुख दृष्टि को आगे बढ़ाया गया, वहीं 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ संवाद स्थापित किया गया।

विशेष रूप से 'नशा मुक्त पंजाब' अभियान ने जन-आंदोलन का रूप लेते हुए युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को एक साझा उद्देश्य से जोड़ा। इसके अतिरिक्त, शहीदों के परिवारों, पूर्व सैनिकों तथा प्रभावित नागरिकों के कल्याण के लिए संवेदनशील पहलें प्रशासन की उत्तरदायित्वपूर्ण प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में 'लोक समाधान' जैसी नागरिक-केंद्रित पहलों तथा जनसंवाद और जनसुनवाई कार्यक्रमों के माध्यम से शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण पर बल दिया गया। प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रत्यक्ष संपर्क, निरीक्षण और जवाबदेही आधारित कार्यप्रणाली को प्राथमिकता दी गई।

शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत विद्यार्थियों को सम्मानित करने, उच्च शिक्षा में नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। वंचित वर्गों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा को सुदृढ़ किया।

स्वास्थ्य और मानवीय सेवा के क्षेत्र में HPV टीकाकरण अभियान जैसे महत्वपूर्ण कदमों के माध्यम से निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया गया। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान तथा संवेदनशील प्रशासन की भावना को विभिन्न पहलों के माध्यम से और अधिक मजबूत किया गया।

सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और सामाजिक क्षेत्रों में रोज़ फेस्टिवल, पारंपरिक विरासत के संरक्षण हेतु आयोजन, धार्मिक स्थलों पर आध्यात्मिक सहभागिता तथा हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयास उल्लेखनीय रहे। साथ ही, खेल, सामाजिक सम्मान समारोहों और विभिन्न जन-जागरूकता अभियानों ने समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

यह तिमाही पत्रिका पुनः सिद्ध करती है कि जब प्रशासन, संस्थाएँ और नागरिक मिलकर कार्य करते हैं, तो विकास अधिक समावेशी, प्रभावी और स्थायी रूप से साकार होता है। आशा है कि "संकल्प" का यह अंक पाठकों को प्रेरणा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा तथा समाज को प्रगति और जागरूकता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

# नशे के विरुद्ध निर्णायक पहल

## जनभागीदारी को केंद्र में रखकर 'वॉक अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान की सशक्त अगुवाई

**02 फरवरी 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान सीमावर्ती जिलों में आयोजित किए जाने वाले चार दिवसीय 'नशा विरोधी पदयात्रा' अभियान की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि 9 से 12 फरवरी 2026 तक तरनतारन, फिरोजपुर, फाजिल्का तथा अबोहर में 'वॉक अगेंस्ट ड्रग्स' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता उत्पन्न करना तथा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।

राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि नशा केवल कानून-प्रवर्तन का विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रश्न भी है। उन्होंने सामाजिक, धार्मिक तथा शैक्षणिक संस्थाओं से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान करते हुए नशा-मुक्त पंजाब के संकल्प को जन-आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता पर बल दिया। यह अभियान पंजाब रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से संचालित किया गया।



गुरुद्वारा श्री हरमंदिर साहिब, अमृतसर



# अरदास से नशा-विरोधी पदयात्रा का शुभारंभ

08 फरवरी 2026

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री हरमंदिर साहिब, अमृतसर में माथा टेककर 'सरबत के भले' की अरदास की। उन्होंने सीमावर्ती जिलों में प्रस्तावित चार दिवसीय नशा-विरोधी पदयात्रा से पूर्व गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध संघर्ष में कानून-पालन के साथ पुनर्वास और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है।

"नशा-मुक्त पंजाब की लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुनर्वास और रोजगार के माध्यम से ही स्थायी परिवर्तन संभव है।"

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया

# नशा-मुक्ति के लिए सामूहिक संकल्प

**08 फरवरी 2026**



गुरुद्वारा श्री अंगीठा साहिब, खडूर साहिब

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने खडूर साहिब स्थित गुरुद्वारा श्री अंगीठा साहिब में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात उन्होंने निशान-ए-सिखी संस्था में आम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत उन्होंने विद्यार्थियों एवं सदस्यों से संवाद करते हुए युवाओं से नशा-विरोधी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



# युवाओं से नशा-विरोधी जन-जागरण का आह्वान

**08 फरवरी 2026**




## नशा-मुक्त पंजाब का संकल्प तभी साकार होगा, जब समाज का हर वर्ग इसे अपनी साझा जिम्मेदारी मानकर आगे आए।

## राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया



खडूर साहिब स्थित निशान-ए-सिखी संस्था में विलेज डिफेंस कमेटियों के सदस्यों के साथ संवाद के दौरान नशा विरोधी अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया गया।

# जैन मंदिर में नशा-मुक्त समाज के निर्माण का आह्वान

**08 फरवरी 2026**

**तरनतारन**




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने वैरोवाल, तरनतारन स्थित जैन मंदिर में दर्शन किए और जैन समुदाय तथा स्थानीय ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक एवं धार्मिक संस्थान समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं, जो नशा-मुक्त पंजाब के निर्माण की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं।






# गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर नशा-मुक्त पंजाब का आह्वान

09 फरवरी 2026

"नशा-मुक्त समाज के निर्माण के लिए हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी और सामूहिक संकल्प आवश्यक है।"

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब, तरनतारन में माथा टेककर प्रदेश की समृद्धि तथा युवाओं को नशे के कुप्रभावों से मुक्त करने की अरदास की। इस अवसर पर उन्होंने संगत से आह्वान किया कि नशा-मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी मिलकर अपनी साझा जिम्मेदारी निभाएँ और इस जन-जागरूकता अभियान को जन-आंदोलन का रूप दें।

# तरनतारन में नशा-मुक्ति पदयात्रा का शुभारंभ

## श्री गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल से पुलिस लाइन्स तक

09 फरवरी 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने तरनतारन से नशों के विरुद्ध चार दिवसीय पदयात्रा का शुभारंभ किया। श्री गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल से पुलिस लाइन्स तक निकाली गई इस यात्रा का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में जन-जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। हजारों विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संगठनों और नागरिकों ने इसमें भाग लिया। राज्यपाल ने स्वयं पदयात्रा का नेतृत्व करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि नशा-मुक्त पंजाब केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जन-आंदोलन से संभव है।

### तरनतारन

"आइए, जागरूकता, करुणा, पुनर्वास और रोजगार के माध्यम से पंजाब को फिर से रंगला बनाएं।"

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया



# सेरों गांव में युवाओं को रोजगार से जोड़ने का आह्वान

**09 फरवरी 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने तरनतारन के गांव सेरो में विलेज डिफेंस कमेटियों के सदस्यों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और निराशा नशे की प्रमुख कारण हैं तथा युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसरों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।



"समाज की सक्रिय भागीदारी से ही नशा-मुक्त , रंगला पंजाब का लक्ष्य प्राप्त होगा।"

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया



# महिला सशक्तिकरण की पहल

09 फरवरी 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने गांव सेरों, तरनतारन में सखी सिरजन केंद्र की नई इमारत का उद्घाटन किया। जिला प्रशासन तरनतारन एवं रेड क्रॉस द्वारा प्रारंभ किए गए इस केंद्र की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यहां महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सशक्त महिलाएं ही मजबूत और नशा-मुक्त समाज की आधारशिला हैं।

## गांव सेरों, तरनतारन



# फिरोजपुर में नशा-मुक्ति पदयात्रा

## सारागढ़ी मेमोरियल से गवर्नमेंट स्कूल ऑफ एमिनेंस तक

**10 फरवरी 2026**




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सारागढ़ी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर नशों के विरुद्ध अभियान की शुरुआत की। इसके उपरांत सारागढ़ी मेमोरियल से स्कूल ऑफ एमिनेंस तक निकली विशाल पदयात्रा का उन्होंने स्वयं नेतृत्व किया। पदयात्रा में डेरा ब्यास के आध्यात्मिक प्रमुख श्री गुरिंदर सिंह ढिल्लों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सदस्य तथा हजारों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नशे की समस्या केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करती है। उन्होंने शिक्षा संस्थानों को नशा-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने, युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने और प्रभावी पुनर्वास व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर बल दिया। इस अवसर पर शिरोमणि अकाली दल के प्रधान श्री सुखबीर सिंह बादल भी उपस्थित रहे।





# वी.एल.डी.सी सदस्यों से संवाद, सतर्क समाज का आह्वान

**10 फरवरी 2026**




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में ग्रामीण रक्षा समितियों (VLDC) के सदस्यों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश द्वारा नशे और अवैध गतिविधियों के माध्यम से माहौल बिगाड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका जवाब सतर्क गांव और संगठित समाज ही दे सकते हैं।


उन्होंने स्पष्ट किया कि बेरोजगारी और खालीपन नशे की जड़ हैं, इसलिए युवाओं को रोजगार और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है।

> **"सरकार के प्रयासों के साथ समाज की सक्रिय भागीदारी से ही नशा-मुक्त , सशक्त पंजाब का निर्माण संभव है।"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



# हुसैनीवाला में शहीदों को नमन, युवाओं को प्रेरणा

**10 फरवरी 2026**



**हुसैनीवाला, फिरोज़पुर**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने हुसैनीवाला राष्ट्रीय शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सीमा पर 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर राष्ट्र-निर्माण में योगदान देना चाहिए।

# फाज़िल्का में नशा-मुक्त पदयात्रा
## संजीव पैलेस से घंटाघर तक

10 फरवरी 2026

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने फाज़िल्का में संजीव पैलेस से घंटाघर तक नशों के विरुद्ध आयोजित विशाल पैदल यात्रा का नेतृत्व किया। इस पदयात्रा में शिक्षाविदों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। जन-भागीदारी की इस उल्लेखनीय उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि नशा-विरोधी अभियान मात्र शासन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व और सामूहिक संकल्प है।

जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि नशे की समस्या व्यक्ति, परिवार और समाज सभी को कमजोर करती है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों को नशा-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने, युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने तथा प्रभावी पुनर्वास व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर बल दिया। इस दौरान राज्यपाल ने नशा-मुक्ति केंद्र, जट्टवाली का भी दौरा किया और वहां उपचाररत व्यक्तियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

**फाज़िल्का**



"युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से मुक्त करना हमारा नैतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व है। सामूहिक प्रयासों से ही पंजाब पुनः रंगला बनेगा।"

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया




# आसफवाला शहीद स्मारक पर वीरों को श्रद्धांजलि

**11 फरवरी 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 'आसफवाला शहीद स्मारक' पर पहुंचकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शहीदों का त्याग हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। यदि युवा नशे से दूर रहकर राष्ट्र-निर्माण में योगदान दें, तो यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


आसफवाला, फाज़िल्का

# ग्राम रक्षा समितियों से संवाद, नशा-मुक्त पंजाब पर बल

**11 फरवरी 2026**




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने ग्राम रक्षा समितियों (वीडीसी) के सदस्यों के साथ विस्तृत बैठक की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता, सामाजिक एकजुटता और युवाओं का सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। बेरोजगारी और खालीपन नशे की प्रमुख वजहें हैं, इसलिए युवाओं को रोजगार और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना समय की मांग है।

राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि सजग गांव और संगठित समाज ही नशे की चुनौती का प्रभावी सामना कर सकते हैं। सामूहिक संकल्प और निरंतर प्रयासों से ही नशा-मुक्त, सशक्त और समृद्ध पंजाब का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।







फाज़िल्का




# नशा-विरोधी प्रयासों के लिए नागरिकों का सम्मान

11 फरवरी 2026




फाजिल्का में आयोजित समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नशा-विरोधी अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रमुख नागरिकों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता, परामर्श और पुनर्वास के माध्यम से इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप मिला हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से ही पंजाब को नशा-मुक्त और पुनः रंगला बनाया जा सकता है।



फाज़िल्का



अबोहर

# अबोहर में नशा-मुक्त पंजाब का संकल्प

## रेलवे स्टेशन अबोहर से डीएवी कॉलेज तक

**12 फरवरी 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में सीमावर्ती जिलों में निकाली गई चार दिवसीय नशा-मुक्त पदयात्रा के इस चरण का समापन अबोहर के डीएवी कॉलेज में हुआ। अंतिम दिवस रेलवे स्टेशन अबोहर से डीएवी कॉलेज तक विशाल पैदल यात्रा निकाली गई, जिसमें शिक्षण संस्थानों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं तथा हजारों नागरिकों ने सहभागिता की।

समापन समारोह में राज्यपाल ने कहा कि नशों के विरुद्ध यह संघर्ष केवल सरकार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने गुरुओं और वीर सैनिकों के बलिदानों से प्रेरणा लेकर इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने का आह्वान किया।

> "यदि हमारे वीर सैनिक राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर सकते हैं, तो हम नशे जैसी बुराई को समाप्त करने का संकल्प क्यों नहीं ले सकते? यह हमारा नैतिक और सामाजिक दायित्व है।
>
> राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया"

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों, पंचायतों, सामाजिक संगठनों और सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर इस अभियान को जन-आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने ड्रोन के माध्यम से हो रही तस्करी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं, परंतु स्थायी सफलता जन-सहयोग से ही संभव है।

# पंजाब अनएडेड कॉलेज एसोसिएशन की सहभागिता से नशा-मुक्त अभियान को मिला बल

12 फरवरी 2026




## अबोहर

डीएवी कॉलेज में आयोजित समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब अनएडेड कॉलेज एसोसिएशन (PUCA) तथा उसके 250 से अधिक सदस्य कॉलेजों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। लगभग पाँच हजार विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति ने नशा-मुक्त परिसर के संकल्प को सशक्त किया।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षण संस्थान जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युवाओं को जागरूक और सशक्त बनाकर ही नशा-मुक्त, सुरक्षित और विकसित पंजाब का निर्माण किया जा सकता है।







# तख्त श्री दमदमा साहिब में नतमस्तक, नशा-मुक्त पंजाब की अरदास

12 फरवरी 2026



तलवंडी साबो, बठिंडा

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने तख्त श्री दमदमा साहिब में माथा टेका और पंजाब की खुशहाली तथा नशा-मुक्त "रंगला पंजाब" के लिए अरदास की। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक मूल्यों से प्रेरित समाज ही सामाजिक बुराइयों का प्रभावी समाधान कर सकता है।

# होशियारपुर में नशा-विरोधी अभियान का संकल्प

## पदयात्रा से पूर्व गुरुद्वारा साहिब में अरदास

**22 फरवरी 2026**



**गुरुद्वारा पंज प्यारा साहिब, होशियारपुर**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने होशियारपुर पहुंचकर गुरुद्वारा पंज प्यारा साहिब में माथा टेका और प्रदेश की शांति, समृद्धि तथा नशा-मुक्त समाज के लिए अरदास की। उन्होंने नशा-विरोधी अभियान की शुरुआत से पूर्व, आध्यात्मिक प्रेरणा लेते हुए युवाओं को स्वस्थ और अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश दिया।

जिला प्रशासन ने राज्यपाल को जिले में चल रही नशा-विरोधी मुहिम की तैयारियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि नशे जैसी गंभीर सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों का एकजुट होना आवश्यक है।

उन्होंने घोषणा की कि 23 फरवरी को मुकेरियां और 24 फरवरी को डी.ए.वी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, होशियारपुर से "वॉक अगेंस्ट ड्रग्स" पदयात्रा के माध्यम से जन-जागरण का संदेश दिया जाएगा।

कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि नशा-मुक्त पंजाब का संकल्प केवल प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि यह जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा, जिसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी को केंद्र में रखा गया हैं।

> **"जनभागीदारी ही नशा-मुक्त पंजाब की सबसे बड़ी शक्ति है। सामूहिक प्रयासों से ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

# विलेज डिफेंस कमेटियों के साथ नशा रोकथाम पर मंथन

**23 फरवरी 2026**








मुकेरियां, होशियारपुर



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने विलेज डिफेंस कमेटियों के सदस्यों के साथ बैठक कर गांव स्तर पर नशा रोकथाम, तस्करी पर नियंत्रण और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सक्रिय और जागरूक नागरिक नेटवर्क नशा तस्करी रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने युवाओं को खेल, शिक्षा, कौशल विकास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जोड़ने पर बल दिया।

> **"सामूहिक सतर्कता और जन-सहभागिता से ही नशा-मुक्त, सुरक्षित और सशक्त पंजाब का निर्माण संभव है।"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**




# होशियारपुर में नशा-विरोधी अभियान का शुभारंभ

## तहसील परिसर से दशमेश गर्ल्स कॉलेज तक

**23 फरवरी 2026**




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुकेरियां में "युद्ध नशियां विरुद्ध" अभियान के अंतर्गत 'नशे के खिलाफ पदयात्रा' का नेतृत्व किया। तहसील परिसर से आरंभ हुई यह यात्रा एनसीसी कैडेट्स के बैंड, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता के साथ दशमेश गर्ल्स कॉलेज, मुकेरियां में संपन्न हुई।

"मदर्स अगेंस्ट ड्रग्स" थीम के साथ निकली इस पदयात्रा ने यह स्पष्ट किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों से शुरू हुई मुहिम अब आंतरिक जिलों तक पहुंचकर जन-जन का आंदोलन बन चुकी हैं। विभिन्न संस्थाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों का प्रभावी संदेश दिया।

राज्यपाल ने माता-पिता, शिक्षकों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे इस अभियान को निरंतर जन-जागरण का रूप दें।

## मुकेरियां, होशियारपुर



“युवा शक्ति को नशे की गिरफ्त से बचाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। जब जनता स्वयं इस आंदोलन की सारथी बनेगी, तभी रंगला पंजाब का स्वप्न साकार होगा।”

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया



# होशियारपुर में अभियान समापन, संकल्प सशक्त

## पदयात्रा और ग्राम स्तर संवाद के माध्यम से जन-जागरण को मिली नई गति

**24 फरवरी 2026**

होशियारपुर में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने "नशे के खिलाफ पैदल यात्रा" का नेतृत्व किया और नशा-मुक्त पंजाब के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत किया। यह पदयात्रा डी.ए.वी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन से प्रारंभ हुई और शहर के विभिन्न बाजारों से होकर पुनः परिसर में संपन्न हुई। इसमें विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि, शिक्षण संस्थानों के प्रमुख, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब को पुनः "रंगला पंजाब" बनाना सभी का साझा दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे की समस्या केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। उन्होंने युवाओं को सुरक्षित रखने और शिक्षण संस्थानों को नशा-मुक्त बनाने पर विशेष बल दिया।

राज्यपाल ने कहा कि बाहरी ताकतें ड्रोनों के माध्यम से नशा और हथियार भेजकर युवाओं को कमजोर करने की साजिश कर रही हैं, किन्तु सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और सरकार की एंटी-ड्रोन प्रणाली उनकी गतिविधियों पर निरंतर नज़र बनाए हुई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जागरूक रहकर प्रशासन का सहयोग करें और नशा तस्करी की सूचना तुरंत दें।

पदयात्रा के पश्चात राज्यपाल ने विलेज डिफेंस कमेटियों के सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने गांव स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, नशा तस्करी पर रोक लगाने और युवाओं को खेलों, सांस्कृतिक तथा सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर सतर्कता, सहभागिता और सामूहिक प्रयासों से ही सुरक्षित एवं नशा-मुक्त समाज का निर्माण संभव होगा।

बैठक में समिति सदस्यों ने अपने सुझाव साझा किए। राज्यपाल ने उनकी सेवा भावना की सराहना की और आश्वासन दिया कि प्रशासन जन-सुरक्षा तथा नशा विरोधी अभियान को और प्रभावी बनाने में पूरा सहयोग देता रहेगा।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यपाल ने स्पष्ट संदेश दिया कि नशा-मुक्त पंजाब का लक्ष्य तभी प्राप्त होगा, जब सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर इसे जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएंगे।

> **"नशे के विरुद्ध यह अभियान केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का जन-आंदोलन है। युवाओं को बचाकर ही हम पुनः रंगला पंजाब का निर्माण कर सकते हैं।"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**















16 अप्रैल 2026



बटाला स्थित गुरुद्वारा श्री अचल साहिब एवं श्री अचलेश्वर धाम में मत्था टेकते हुए पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 'नशा मुक्त पंजाब' और प्रदेश की समृद्धि हेतु अरदास की। उन्होंने जनकल्याण, अमन-शांति और 'सरबत के भले' के संकल्प के साथ समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया।

# नशा मुक्त संकल्प

## युवाओं की भागीदारी से जनआंदोलन बना अभियान

16 अप्रैल 2026




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया बटाला में आयोजित नशा विरोधी विशाल सेमिनार में सम्मिलित हुए, जहां उन्होंने युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि पंजाब की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और इसे सुरक्षित व सशक्त बनाए रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि परिवार और पूरे समाज को कमजोर करता है। इस चुनौती से निपटने के लिए अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और पंचायतों को मिलकर जन-जागरण को जन आंदोलन का रूप देना होगा। उन्होंने "युद्ध नशियां विरुद्ध" अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया।

# जनसुनवाई से समाधान

## सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसहभागिता से अभियान को मिली नई दिशा

**16 अप्रैल 2026**




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया पठानकोट दौरे के दौरान सीमावर्ती बमियाल क्षेत्र में पहुंचे, जहां उन्होंने विलेज डिफेंस कमेटियों (VDCs) के सदस्यों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में नशा मुक्त पंजाब के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जागरूकता और सतर्कता इस अभियान की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बल दिया कि नशे के विरुद्ध जनभागीदारी ही सबसे प्रभावी उपाय है, और इसमें स्थानीय समुदायों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने नशा मुक्त, सुरक्षित और समृद्ध पंजाब के निर्माण के लिए अपने संकल्प को दोहराया।

# कैप्टन कमलजीत चेक पोस्ट का दौरे

## सुरक्षा बलों के सहयोग से नशा मुक्त पंजाब अभियान को मिली मजबूती

**17 अप्रैल 2026**



जिला पठानकोट में भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित कैप्टन कमलजीत चेक पोस्ट के दौरे के दौरान पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सीमा सुरक्षा बल (BSF) के अधिकारियों और जवानों से संवाद किया। इसके उपरांत उन्होंने मंगवाल पुलिस चेक पोस्ट का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों से मुलाकात की और उनके अनुभवों व कर्तव्यों की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने रेखांकित किया कि नशे की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सुरक्षा एजेंसियों और समाज के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने सुरक्षा बलों के साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी देश की सीमाओं की रक्षा में उनका योगदान प्रेरणादायक रहा है।

# जनसंवाद से संकल्प

## ग्राम स्तर पर जागरूकता से नशा मुक्त अभियान को मिली मजबूती

17 अप्रैल 2026







पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया पठानकोट के फंगोता, न्याड़ी और रावी सदन, शाहपुर कंडी में ग्राम रक्षा समितियों के सदस्यों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय समस्याओं को सुना और उनके समाधान का भरोसा दिया। साथ ही, कुछ गांवों के विकास के लिए विशेष आर्थिक सहायता की घोषणा की।

उन्होंने नशा मुक्त पंजाब के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर जन-जागरूकता बढ़ाना इस अभियान की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी वर्गों से मिलकर इस प्रयास को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

# जनजागरण पदयात्रा

## युवाओं की भागीदारी से नशा मुक्त संकल्प सशक्त हुआ

17 अप्रैल 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया पठानकोट में आयोजित जनजागरूकता पदयात्रा में सम्मिलित हुए। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि नशा मुक्त पंजाब का लक्ष्य सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध पंजाब के निर्माण का संकल्प दोहराया।

# शिक्षा से जागरूकता

## शिक्षाविदों की भागीदारी से नशा मुक्ति अभियान को मिली नई दिशा

**18 अप्रैल 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया पठानकोट में प्राचार्यगण एवं शिक्षाविदों के साथ संवाद किया, जहां नशा मुक्ति जैसे गंभीर विषय पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवों के आधार पर युवाओं को सही दिशा, सकारात्मक वातावरण और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

राज्यपाल ने कहा कि नशा मुक्त पंजाब के लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षा जगत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों से ही युवाओं को सशक्त और जागरूक बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर नशामुक्त, जागरूक और सशक्त पंजाब के निर्माण का संकल्प दोहराया।





# नशा मुक्त पंजाब संकल्प समारोह

## जनभागीदारी से नशा मुक्त अभियान को मिली नई ऊर्जा

**18 अप्रैल 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया अमृतसर में आयोजित 'नशा मुक्त पंजाब संकल्प समारोह 2026' में सम्मिलित हुए, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर नशे के विरुद्ध जन-जागरण का संदेश दिया गया।



उन्होंने अपने संबोधन में नशे को सामाजिक और पारिवारिक संकट बताते हुए कहा कि इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। युवाओं को शिक्षा, खेल और कौशल विकास से जोड़ने तथा अभिभावकों व शिक्षकों को जागरूक भूमिका निभाने पर बल दिया गया।

सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने समाज और सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय को आवश्यक बताया। साथ ही, सरकार के प्रयासों के साथ जनसहभागिता को इस अभियान की सफलता का आधार बताया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने नशा मुक्त, जागरूक और समृद्ध 'रंगला पंजाब' के निर्माण का संकल्प दोहराया।



**"हम नशा नहीं करेंगे, नशा करने नहीं देंगे: यही संकल्प नशा मुक्त पंजाब की आधारशिला है।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

# नशा मुक्त संदेश

## आध्यात्मिक मूल्यों से अभियान को मिली नई दिशा

18 अप्रैल 2026

**"संस्कार और शिक्षा ही समाज को नशे से दूर रखने की सच्ची शक्ति हैं।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब में दूसरे गुरु साहिब श्री गुरु अंगद देव जी के पावन प्रकाश पर्व पर मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर को नशा मुक्त पंजाब अभियान से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाएं: ज्ञान, शिक्षा और आध्यात्मिक जागृति के माध्यम से समाज को सशक्त बनाती हैं। गुरुमुखी लिपि की अमूल्य विरासत का उल्लेख करते हुए उन्होंने युवाओं को संस्कारयुक्त दिशा देने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त पंजाब का लक्ष्य तभी संभव है जब समाज आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को अपनाए।

# इस तिमाही में आयोजित जनसुनवाइयाँ

## राज्यपाल ने जनसुनवाई से त्वरित एवं संवेदनशील समाधान को दी प्राथमिकता

**25 फरवरी 2026**



**11 मार्च 2026**



**25 मार्च 2026**



**01 अप्रैल 2026**



**07 अप्रैल 2026**



**29 अप्रैल 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया प्रत्येक सप्ताह यू.टी. सचिवालय, चंडीगढ़ में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से चंडीगढ़ के आम नागरिकों की समस्याएं सुनते हैं। इस पहल की शुरुआत स्वयं प्रशासक द्वारा की गई थी, जिससे शिकायत निवारण प्रक्रिया अधिक सरल, त्वरित और प्रभावी बनी है।

जनसुनवाई के दौरान प्रशासक संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश देते हैं। राज्यपाल के अनुसार जनसुनवाई प्रशासन को जन-सरोकारों से जोड़ने और सुशासन को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को जनहित के मामलों में संवेदनशीलता, जवाबदेही और मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया।

इस तिमाही के दौरान जनसुनवाई कार्यक्रम 25 फरवरी, 11 एवं 25 मार्च तथा 1, 7 और 29 अप्रैल 2026 को नियमित रूप से आयोजित किए गए, जिनमें राज्यपाल ने आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनते हुए उनके त्वरित समाधान की प्रक्रिया को निरंतर सुदृढ़ किया।




QR कोड स्कैन कर भाषण सुनें

# केंद्रीय बजट स्वागत

## राज्यपाल ने बजट को विकासोन्मुख बताते हुए 2047 के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया

**01 फरवरी 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय बजट को देश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत को वर्ष 2047 तक विश्व के अग्रणी देशों में शामिल करने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया।

राज्यपाल ने पूंजीगत व्यय में वृद्धि को देश के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे विकास के विभिन्न आयामों को गति मिलेगी और राज्यों को भी लाभ होगा। उन्होंने विशेष रूप से कृषि क्षेत्र, एग्री-एक्सटेंशन सेवाओं और नई तकनीकों को बढ़ावा देने के प्रावधानों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि पंजाब जैसे कृषि प्रधान राज्य को इन पहलों से लाभ मिलेगा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। राज्यपाल ने एम.एस.एम.ई., स्टार्टअप और उद्योगों को बढ़ावा देने के उपायों को भी सराहनीय बताया। उन्होंने रक्षा बजट में वृद्धि को देश को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम बताया।

> **यह बजट किसानों, उद्योगों, बुनियादी ढांचे और आम लोगों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में तैयार किया गया है तथा वर्ष 2047 तक भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने का स्पष्ट संकेत देता है।**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

# सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण

## राज्यपाल ने सुविधाओं के सुधार के निर्देश दिए, बोटेनिकल गार्डन में हाई-टेक नर्सरी का किया उद्घाटन

**01 फरवरी 2026**







पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सेक्टर-31 स्थित जापानी गार्डन, सेक्टर-42 गार्डन ऑफ पाम्स एवं झील, सारंगपुर स्थित चंडीगढ़ बोटेनिकल गार्डन और सेक्टर-38 कम्युनिटी सेंटर का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने पार्कों में साफ-सफाई, वॉकिंग ट्रैक, बैठने की व्यवस्था और फेंसिंग को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर-42 झील में पर्याप्त जल स्तर बनाए रखने पर भी जोर दिया, ताकि नागरिकों को बेहतर वातावरण मिल सके।

चंडीगढ़ बोटेनिकल गार्डन, सारंगपुर में राज्यपाल ने आधुनिक तकनीक से युक्त हाई-टेक नर्सरी (एडवांस्ड प्लांट प्रोपेगेशन यूनिट) का उद्घाटन किया। उन्होंने अधिकारियों को इस गार्डन को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और हरित क्षेत्र को बढ़ाने के प्रयास तेज करने पर जोर दिया।

इसके बाद उन्होंने सेक्टर-38 कम्युनिटी सेंटर का निरीक्षण कर वहां की सुविधाओं की समीक्षा की और पुराने सामुदायिक भवनों को उन्नत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा।



# JITO नेटवर्क उद्घाटन

## राज्यपाल ने मूल्य-आधारित उद्यमिता व सहयोग से सतत आर्थिक विकास का दिया संदेश

**01 फरवरी 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में JITO बिजनेस नेटवर्क (JBN) के उद्घाटन कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने इस पहल को उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि JITO जैसे मंच उद्यमियों, उद्योगपतियों और पेशेवरों को एक साथ लाकर संवाद, नेटवर्किंग और ज्ञान-विनिमय के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे नए व्यावसायिक अवसर उत्पन्न होते हैं और आर्थिक विकास को गति मिलती है।

उन्होंने युवा उद्यमियों से नवाचार अपनाने, जोखिम को समझदारी से संभालने तथा व्यापार में नैतिकता और पारदर्शिता बनाए रखने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि मूल्य-आधारित व्यापार ही सतत आर्थिक प्रगति का आधार है और इससे समाज में विश्वास तथा दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित होती है।




**"JITO जैसे मंच सतत आर्थिक प्रगति को नई दिशा देते हैं तथा सहयोग-आधारित विकास को मजबूत बनाते हैं।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**





# गुरु रविदास प्रकाश पर्व

## राज्यपाल ने भाईचारे और समरस समाज के निर्माण का दिया संदेश

**01 फरवरी 2026**



"गुरु रविदास जी का समानता, मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश आज भी हमें एक भेदभाव-मुक्त , करुणामय और एकजुट समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है।"

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री गुरु रविदास जी के 649वें प्रकाश पर्व के अवसर पर सेक्टर-30ए, चंडीगढ़ स्थित श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दीं और समाज में समानता तथा भाईचारे को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने और मानवता को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि गुरु रविदास जी के विचार आज भी समाज को एकजुट करने और समरसता स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। राज्यपाल ने सभी से आग्रह किया कि वे उनके आदर्शों को अपनाकर भेदभाव-मुक्त समाज के निर्माण में योगदान दें।

कार्यक्रम में संत-महात्माओं, विद्वानों और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आयोजन संपन्न हुआ तथा उपस्थित लोगों ने गुरु रविदास जी के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



02 फरवरी 2026

नेतृत्व साधना संवाद के दौरान पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में 'नेतृत्व साधना-XVII' कार्यक्रम के प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को संवेदनशील, समावेशी एवं उत्तरदायी नेतृत्व के मूल्यों से प्रेरित करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

# डॉ. एम.एस. रंधावा साहित्य एवं कला उत्सव में सहभागिता

## राज्यपाल ने सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने पर दिया बल

02 फरवरी 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में आयोजित डॉ. एम.एस. रंधावा साहित्य एवं कला उत्सव में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि यह उत्सव पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला और साहित्य को नई दिशा प्रदान करने का महत्वपूर्ण मंच बना।

राज्यपाल ने डॉ. एम.एस. रंधावा के योगदान को स्मरण करते हुए पंजाब की लोककला, संस्कृति और हरित विकास को उनकी देन बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब की पहचान कृषि के साथ-साथ कला, संगीत व साहित्य में भी है और युवाओं को रचनात्मक उद्यमिता व क्रिएटिव स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**"कला, साहित्य और संस्कृति ही समाज की आत्मा हैं, और सृजनात्मक अर्थव्यवस्था भविष्य की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

# NCC कैडेट सम्मान

## राज्यपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना कर युवाओं को राष्ट्रीय सेवा के लिए किया प्रेरित

02 फरवरी 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में NCC कैडेट्स को सम्मानित किया। राज्यपाल ने 77वें गणतंत्र दिवस परेड और रिपब्लिक डे कैंप, नई दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कैडेट्स को बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा कि कर्तव्य पथ पर मार्च करना संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति कैडेट्स की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि NCC पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ निदेशालय के कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन किया।

### NCC कैडेट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- 77वें गणतंत्र दिवस परेड, नई दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन।
- कर्तव्य पथ पर मार्च-पास्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- प्रधानमंत्री रैली के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर में सराहनीय प्रदर्शन।
- रिपब्लिक डे कैंप में विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पदक और ट्रॉफियाँ जीतीं।
- एनसीसी चंडीगढ़ निदेशालय ने 17 निदेशालयों में रनर-अप ट्रॉफी प्राप्त की।
- ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ दर्ज कीं।

राज्यपाल ने कैडेट्स को अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना बनाए रखने तथा नशा-रोधी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



# NDC अधिकारियों से संवाद

## राज्यपाल ने रणनीतिक नेतृत्व व राष्ट्रीय सुरक्षा पर विचार साझा किए, अध्ययन दौरे को बताया उपयोगी

**02 फरवरी 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (NDC), नई दिल्ली के 66वें पाठ्यक्रम के अधिकारियों से संवाद किया। 11 माह (47 सप्ताह) के इस कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों, सिविल सेवाओं तथा मित्र देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस पाठ्यक्रम को रणनीतिक अध्ययन, राष्ट्रीय सुरक्षा और नीति निर्माण के क्षेत्र में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए जाना जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि यह पाठ्यक्रम वरिष्ठ अधिकारियों को रणनीतिक नेतृत्व और नीति निर्माण की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। उन्होंने पंजाब के संवैधानिक, रणनीतिक और सामाजिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सुशासन, कानून के पालन और मजबूत संस्थागत ढांचे से आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक समरसता सुनिश्चित होती है। उन्होंने अधिकारियों से पंजाब की शासन व्यवस्था, विकास मॉडल और सुरक्षा तंत्र का अध्ययन करने का आग्रह किया।



# आत्मरक्षा कार्यशाला समापन

## राज्यपाल ने आत्मरक्षा को आवश्यक जीवन-कौशल बताते हुए सशक्त बनने का दिया संदेश

**03 फरवरी 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने डॉ. हरवंश सिंह जज इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज़ एंड हॉस्पिटल, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा आत्मविश्वास, सजगता और साहस को विकसित करती है।

प्रशिक्षण में लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने में सक्षम बनाते हैं और नियमित अभ्यास के महत्व पर बल दिया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन और चंडीगढ़ पुलिस की 'स्वयम' टीम के प्रयासों की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाएगा।



05 फरवरी 2026







उदयपुर में पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधा को सुदृढ़ करने हेतु पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 25 टूरिस्ट पेट्रोलिंग टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। होंडा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ये टीमें प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा निगरानी के साथ 'चलती-फिरती हेल्प डेस्क' के रूप में भी कार्य करेंगी।



# महिला नवआरक्षकों की पासिंग आउट परेड

## राज्यपाल ने राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित, नारी सशक्तिकरण पर दिया बल

**07 फरवरी 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने होशियारपुर स्थित बीएसएफ सहायक प्रशिक्षण केंद्र, खड़का कैम्प में महिला नवआरक्षकों की भव्य पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इस अवसर पर 447 महिला नवआरक्षकों ने कठोर प्रशिक्षण पूर्ण कर राष्ट्र सेवा के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। राज्यपाल ने परेड का निरीक्षण किया और नवआरक्षकों के अनुशासन, आत्मविश्वास तथा समर्पण की सराहना की।

उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और महिला नवआरक्षकों का योगदान नारी सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण है। राज्यपाल ने अभिभावकों का भी अभिनंदन किया, जिन्होंने अपनी बेटियों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षित नवआरक्षकों की तैनाती देश की सीमाओं की सुरक्षा को और सुदृढ़ करेगी।



**"सीमा सुरक्षा बल की इन वीर बेटियों का समर्पण देश की लाखों महिलाओं को प्रेरित करेगा।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



# समाधान शिविर, डड्डूमाजरा

## राज्यपाल ने शिकायतें सुनीं, एवं 'लोक समाधान' पोर्टल का किया शुभारंभ

**07 फरवरी 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम, डड्डूमाजरा में धनास और डड्डूमाजरा क्षेत्र के नागरिकों के लिए समाधान शिविर आयोजित किया। यह प्रशासन द्वारा आयोजित पहला समाधान शिविर था, जिसमें नागरिकों ने पेयजल, सफाई, सड़क, स्ट्रीट लाइट, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया, जबकि शेष मामलों के लिए समयबद्ध निर्देश जारी किए गए।



शिविर में कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 40 शिकायतें राज्यपाल ने स्वयं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को समन्वय, जवाबदेही और नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का त्वरित निवारण किया जाएगा और नागरिक लोक भवन या जनसुनवाई के माध्यम से भी अपनी समस्याएँ रख सकते हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने 'लोक समाधान पोर्टल' एकीकृत ऑनलाइन शिकायत निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया; जिससे प्रशासनिक पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेंगी।










## 'लोक समाधान' पोर्टल का संक्षिप्त विवरण

- नागरिक कहीं से भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं
- मोबाइल नंबर और OTP से सरल पंजीकरण प्रक्रिया
- प्रत्येक शिकायत को यूनिक नंबर, जिससे स्थिति स्पष्ट रूप से ट्रैक की जा सके
- निर्धारित समय सीमा में समाधान के लिए विभागीय समन्वय
- पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित शिकायत निवारण प्रणाली

**"नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान हमारी प्राथमिकता है, और लोक समाधान प्रणाली इसे और सुदृढ़ करेगा।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



लोक समाधान पोर्टल

09 फरवरी 2026



फिरोज़पुर स्थित दास एंड ब्राऊन वर्ल्ड स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

13 फरवरी 2026



पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री विजॉय कुमार सिंह को पंजाब वॉटर रेगुलेशन एवं डेवलपमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

13 फरवरी 2026

पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट कर नशा-मुक्त और सामाजिक न्याय से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर राज्य सभा सदस्य श्री सतनाम सिंह संधु भी उपस्थित रहे।



# ई-बस सेवा शुभारंभ

## 25 इलेक्ट्रिक बसों से हरित परिवहन को बढ़ावा

### 14 फरवरी 2026




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने आईएसबीटी सेक्टर 43, चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'पीएम ई-बस सेवा योजना' के अंतर्गत 25 इलेक्ट्रिक बसों के वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाइन माध्यम से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल ने इसे स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इन नई इलेक्ट्रिक बसों के शामिल होने से शहर में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़कर 105 हो गई। ये बसें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं और वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं तथा दिव्यांगजनों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित करती हैं। इनके संचालन से प्रदूषण में कमी आएगी और नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ तथा पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध होगा।

राज्यपाल ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इलेक्ट्रिक बसों का विस्तार शहर की शहरी गतिशीलता को मजबूत करेगा और ट्राई-सिटी क्षेत्र को पूर्णतः हरित परिवहन प्रणाली की ओर अग्रसर करेगा।



## यह बसें निम्नलिखित मार्गों पर संचालित की गई हैं:

- रूट नंबर 22 -ISBT -43 से आईटी पार्क तथा वापसी
- रूट नंबर 22 -ISBT -43 से माता मनसा देवी (सेक्टर 43/44 व किसान भवन मार्ग) व वापसी
- रूट नंबर 30 -ISBT -43 से कैंटोनमेंट तथा वापसी
- रूट नंबर 22 -ISBT -43 से माता मनसा देवी (सेक्टर 52/53 व YPS चौक मार्ग) व वापसी



# रक्षा मंत्री से भेंट

## राज्यपाल ने सैनिक स्कूल प्रस्ताव और एंटी-ड्रोन व्यवस्था सुदृढ़ करने पर दिया बल

**15 फरवरी 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान चंडीगढ़ में सैनिक स्कूल की स्थापना के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल ने कहा कि सैनिक स्कूल की स्थापना से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में सीमा क्षेत्रों में ड्रोन से हो रही नशे और हथियारों की तस्करी को रोकने के उपायों पर भी चर्चा हुई। एंटी-ड्रोन प्रणाली को और सशक्त तथा आधुनिक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूती प्रदान की जा सके।

**16 फरवरी 2026**



पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित दिल्ली के अलंकरण समारोह में, यू.टी. चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत हुड्डा, आईपीएस को उत्कृष्ट सेवा के लिए 'राष्ट्रपति पदक' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान केन्द्रीय गृहमंत्री द्वारा प्रदान किया गया, जिस पर राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पुलिस बल के समर्पण और उत्कृष्टता का प्रतीक बताया।

# रोज़ फेस्टिवल का शुभारंभ

## राज्यपाल ने उत्सव का उद्घाटन कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

### 20 फरवरी 2026






चंडीगढ़ के जाकिर हुसैन रोज़ गार्डन में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ 54वें रोज़ फेस्टिवल-2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पुष्प प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

राज्यपाल ने रोज़ फेस्टिवल को चंडीगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रकृति, कला और जन-भागीदारी का सुंदर संगम बना। उन्होंने गुलाब को प्रेम, करुणा और सौंदर्य का प्रतीक बताते हुए पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष भी महोत्सव 'जीरो बजट' और 'जीरो वेस्ट' मॉडल पर आयोजित हुआ। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। साथ ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए विशेष प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की।



# सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह

## राज्यपाल ने अधिकारियों को सम्मानित कर समावेशी विकास पर दिया बल

**20 फरवरी 2026**






पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में आयोजित "सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह" में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नीति आयोग के आकांक्षी ज़िला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले वर्तमान और पूर्व डिप्टी कमिश्नरों को सम्मानित किया। उन्होंने अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समर्पण, नवाचार और टीमवर्क से विकास को जन-आंदोलन बनाया गया।

राज्यपाल ने सुझाव दिया कि राज्य के सीमा क्षेत्रों के ब्लॉकों को भी इन कार्यक्रमों में शामिल किया जाए, ताकि विकास की प्रक्रिया में कोई क्षेत्र पीछे न रहे। उन्होंने कहा कि इन पहलों से लक्षित और परिणाम आधारित परिवर्तन संभव हुआ और कमजोर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुँचा।

कार्यक्रम में विभिन्न जिलों और ब्लॉकों के अधिकारियों को पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। राज्यपाल ने कहा कि यह सम्मान सुशासन और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। उन्होंने "नागरिक देवो भव" की भावना के साथ सेवा, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व पर जोर दिया।

**"सच्चा विकास सबसे तेज़ आगे बढ़ने वालों से नहीं, बल्कि सबसे कमजोर व्यक्ति के सशक्तिकरण से मापा जाता है। हमें समावेशी विकास के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**





**21 फरवरी 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने लुधियाना स्थित माँ बगलामुखी धाम में आयोजित 243 घंटे के अखण्ड महायज्ञ के समापन समारोह में सहभागिता की।



**21 फरवरी 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने लुधियाना में बुड्ढा दरिया पुनर्जीवन परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। ताजपुर रोड स्थित 'संगत घाट' और डेयरी कॉम्प्लेक्स के ईटीपी का निरीक्षण कर उन्होंने अधिकारियों को दरिया में गोबर या औद्योगिक अपशिष्ट डालने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्यों का आकलन किया और आमजन से स्वच्छ एवं पुनर्जीवित बुड्ढा दरिया के लिए सहयोग का आग्रह किया।

**21 फरवरी 2026**

पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से संजय मल्होत्रा, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान वित्तीय समावेशन, बैंकिंग सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और समग्र आर्थिक विकास से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।



# स्वदेशी व्यापार मेला उद्घाटन

## राज्यपाल ने स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने पर दिया बल

**21 फरवरी 2026**



> "जब हम स्वदेशी चुनते हैं, तब हम भारत की समृद्धि, कौशल और आत्मनिर्भरता को चुनते हैं।"
>
> राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया

लुधियाना के किसान मेला मैदान में आयोजित 'स्वदेशी ट्रेड फेयर-2026' का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कारीगरों, किसानों, उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों और युवा नवप्रवर्तकों को एक मंच पर लाने का प्रभावी प्रयास हैं।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में बताया कि स्वदेशी केवल आर्थिक मॉडल नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण की विचारधारा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनती हैं। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने प्रदर्शनी में खादी, हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद और मिलेट आधारित खाद्य सामग्री का अवलोकन किया। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए आमजन से स्वदेशी उत्पाद अपनाने का आग्रह किया।







## 22 फरवरी 2026

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मालेरकोटला में एस.एस. जैन सभा द्वारा आयोजित दीक्षा समारोह में सहभागिता की। राज्यपाल ने भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत के संदेशों को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया।





## 23 फरवरी 2026

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने होशियारपुर के गांव बसी गुलाम हुसैन में आयोजित 1101 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर परिसर में आयोजित इस सात दिवसीय वैदिक अनुष्ठान में सहभागिता कर प्रदेशवासियों की उन्नति, शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।



## 23 फरवरी 2026

होशियारपुर में श्री मुनि सुब्रत स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर के पावन दर्शन के दौरान राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया तथा प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

# आईआईटी रोपड़ स्थापना दिवस

## राज्यपाल ने नवाचार और राष्ट्रनिर्माण में युवा शक्ति की भूमिका को सराहा

**24 फरवरी 2026**







आईआईटी रोपड़ के 18वें स्थापना दिवस समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सहभागिता की। उन्होंने विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और प्राध्यापकों को उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई दी और संस्थान के नवाचार व अनुसंधान प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने 'शौर्य स्थल' का उद्घाटन किया, जिसे देश के वीर जवानों के साहस और सर्वोच्च बलिदान को समर्पित किया गया हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे स्मारक युवाओं में राष्ट्रभक्ति और प्रेरणा की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि तकनीकी संस्थान; ज्ञान, नवाचार और अनुसंधान के माध्यम से देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज की चुनौतियों के समाधान हेतु शोध और तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवा शक्ति की ऊर्जा और संकल्प को महत्वपूर्ण बताया।

**"युवा शक्ति की ऊर्जा, संकल्प और राष्ट्रभक्ति ही विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की सशक्त नींव हैं।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**




**24 फरवरी 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने होशियारपुर में आयोजित आत्मसुख आत्मदेव आश्रम के कार्यक्रम में सहभागिता की।



**24 फरवरी 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने होशियारपुर स्थित पंजाब विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरानन्द विश्वबन्धु संस्कृत एवं भारत भारती अनुशीलन संस्थान का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आचार्य इंद्रदत्त उनियाल के अभिनंदन ग्रंथ का लोकार्पण किया।

# स्थापना दिवस समारोह

## अरुणाचल प्रदेश एवं मिज़ोरम स्थापना दिवस कार्यक्रम ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को किया सुदृढ़

**25 फरवरी 2026**







> भारत की विभिन्न परंपराएँ और संस्कृतियाँ मिलकर राष्ट्रीय एकता और गौरव को मजबूत करती हैं।
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में अरुणाचल प्रदेश एवं मिज़ोरम के राज्य स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने दोनों राज्यों के नागरिकों को शुभकामनाएँ देते हुए उनकी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और परंपराओं की सराहना की। कार्यक्रम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें खुआलम, चेराव, गालो एवं मोपिन लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।



# कला सम्मान समारोह

## राज्यपाल ने कलाकारों को सम्मानित कर सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का दिया संदेश

**26 फरवरी 2026**





**"कला समाज को संवेदनशील बनाती है और हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखती है।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



चंडीगढ़ में आयोजित प्रथम चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों और संस्थाओं को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि कला किसी भी शहर की आत्मा होती है और कलाकार उसके सच्चे सांस्कृतिक दूत होते हैं।

राज्यपाल ने अकादमी द्वारा वर्ष 1980 से कला को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संगीत, नृत्य और रंगमंच जैसी प्रदर्शनकारी कलाएँ समाज में अनुशासन, संवेदनशीलता और समर्पण की भावना विकसित करती हैं। राज्यपाल ने उल्लेख किया कि कला लोगों को मानसिक शांति देती है, समाज में एकता को मजबूत करती है और हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखती है।

समारोह में संगीत, नृत्य, रंगमंच, कला-प्रचार और आजीवन उपलब्धि की श्रेणियों में कुल 11 कलाकारों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया गया। प्रत्येक पुरस्कार के साथ 51 हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। राज्यपाल ने आश्वस्त किया कि चंडीगढ़ प्रशासन कलाकारों और युवा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है।



27 फरवरी 2026

चंडीगढ़ में आयोजित 'सशक्त बाल महोत्सव-3.0' के समापन समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने बाल अधिकारों की सुरक्षा हेतु पॉक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत तैयार प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन भी किया।

# बौद्धिक पूंजी पर संवाद

## राज्यपाल ने अनुभव और युवा ऊर्जा से सकारात्मक परिवर्तन का दिया संदेश

27 फरवरी 2026

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में "सामूहिक परिवर्तन हेतु बौद्धिक पूंजी का उपयोग" विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि यह मंच समाज और राष्ट्र के भविष्य को दिशा देने का सार्थक प्रयास हैं। राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव को राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया और उसके संगठित उपयोग पर बल दिया।



अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सेवा-निवृत्ति सेवा का अंत नहीं, बल्कि समाज-निर्माण की नई शुरुआत होती है। उन्होंने परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सामाजिक समरसता बढ़ाने, नागरिक कर्तव्य भावना विकसित करने, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक जागरण को आवश्यक बताया। राज्यपाल ने युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच संवाद को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की कुंजी बताया।

**28 फरवरी 2026**



पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने पंजाब लोक भवन, में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचारिक भेंट की।

# G.G.D.S.D. कॉलेज का दीक्षांत समारोह

## राज्यपाल ने छात्रवृत्ति योजना व ओपन-एयर थिएटर का किया शुभारंभ

**28 फरवरी 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया जी ने चंडीगढ़ में G.G.D.S.D. कॉलेज के 48वें दीक्षांत समारोह में सहभागिता की। उन्होंने 32 स्नातक विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्वर्गीय श्री उपकार कृष्ण शर्मा की स्मृति में गरीब विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना तथा ओपन-एयर थिएटर का शुभारंभ किया गया।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों, अनुशासन और समाज सेवा को अपनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया और युवाओं से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।




# पी.एम. ने HPV अभियान का किया शुभारंभ

## किशोरियों को निःशुल्क टीकाकरण से सुरक्षा की प्रदान

**28 फरवरी 2026**




पूरा प्रोग्राम देखें

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु राष्ट्रीय HPV टीकाकरण कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके पश्चात पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के जीएमएसएच-16 स्थित मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर से इस अभियान की स्थानीय स्तर पर औपचारिक शुरुआत की।

यह पहल महिलाओं और किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्यपाल ने निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और स्वस्थ समाज के निर्माण पर बल दिया।

अभियान के प्रथम दिन पात्र किशोरियों को टीका लगाया गया तथा उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। यह टीका 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।



# पहली चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय मैराथन 2026

## राज्यपाल ने 3,500 धावकों के साथ मैराथन में लिया भाग

01 मार्च 2026



राज्यपाल का संदेश









पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक, श्री गुलाब चंद कटारिया, ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ सेक्टर-1, चंडीगढ़ क्लब में आयोजित पहली चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय मैराथन 2026 का उद्घाटन किया और 5 किलोमीटर श्रेणी में भाग लिया। खेल विभाग की ओर से आयोजित इस आयोजन में देश-विदेश से करीब 3500 धावकों ने हिस्सा लिया।

मैराथन में 42 किमी (फुल मैराथन), 21 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी और 5 किमी की चार श्रेणियाँ आयोजित की गईं। 42 किमी दौड़ में 323, 21 किमी में 740, 10 किमी में 1270 तथा 5 किमी दौड़ में 1168 धावकों ने भागीदारी की। मैराथन में आठ देशों से आए 38 अंतरराष्ट्रीय धावकों के साथ-साथ 21 विशेष क्षमता वाले (दिव्यांग) धावक भी शामिल हुए।

राज्यपाल ने पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लिया और खेल विभाग एवं आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने नागरिकों में फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने पर जोर दिया।



# बजट सत्र संबोधन

## राज्यपाल ने समावेशी विकास को आगे बढ़ाने पर दिया बल

**06 मार्च 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब विधानसभा में बजट सत्र के प्रारंभिक दिन सदन को संबोधित किया और राज्य की प्रगति व समृद्धि के लिए सरकार के व्यापक दृष्टिकोण को रेखांकित किया। इस अवसर पर स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां तथा मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान ने उनका स्वागत किया।

राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2026-27 का बजट जनकल्याण, बुनियादी ढाँचे और समावेशी विकास पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और सामाजिक सुरक्षा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए है। किसानों के लिए मुफ्त बिजली, बीज वितरण और सिंचाई परियोजनाओं को आगे बढ़ाया गया है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से कमजोर वर्गों को वित्तीय सहायता दी गई है।

उन्होंने उल्लेख किया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आम आदमी क्लिनिक, मुफ्त दवाएं, जांच सुविधाएं और व्यापक स्वास्थ्य कवरेज पर बल दिया गया है। शिक्षा में शिक्षकों की भर्ती, स्कूल ऑफ एमिनेंस और बुनियादी ढाँचे का विस्तार किया गया है। उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए निवेश प्रस्ताव और MSME को प्रोत्साहन के प्रावधान किए गए हैं।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि इन पहलों से पंजाब की विकास यात्रा को नई दिशा मिलेगी और जनहितकारी योजनाओं का लाभ व्यापक रूप से नागरिकों तक पहुँचेगा।



मीडिया संबोधन

06 मार्च 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास पर सौहार्दपूर्ण भेंट की।

# दीक्षा जयंती समारोह

## राज्यपाल ने संत मूल्यों को अपनाने का किया आह्वान

08 मार्च 2026



जगराओं में परम पूज्य स्वामी श्री रूप चंद जी महाराज की 188वीं दीक्षा जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी रूप चंद जी महाराज का जीवन तप, त्याग और संयम का प्रेरणादायक उदाहरण रहा। उन्होंने बताया कि महाराज ने अहिंसा, करुणा और अपरिग्रह के सिद्धांतों को अपनाकर समाज में शांति और सेवा का संदेश दिया। राज्यपाल ने यह भी उल्लेख किया कि उनकी प्रेरणा से स्थापित संस्थाएँ आज शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने युवाओं से संत परंपरा के मूल्यों- अहिंसा, अनेकांत और क्षमा को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# महिला दिवस मैराथन

## राज्यपाल ने 'अनस्टॉपेबल हर थीम' के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

**08 मार्च 2026**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित NMIMS, चंडीगढ़ ने हाफ मैराथन 2026 का आयोजन किया। पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने इस वार्षिक हाफ मैराथन में सहभागिता की और विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में 5 किलोमीटर , 10 किलोमीटर, और 21 किलोमीटर की श्रेणियों में बड़ी संख्या में धावकों ने भाग लिया। महिलाओं और दिव्यांग प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को प्रेरणादायक बना दिया। मैराथन में लगभग 50 दिव्यांग प्रतिभागियों ने भाग लिया।





राज्यपाल ने तीनों श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए महिला नेतृत्व और समावेशिता के संदेश को महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फिट और जागरूक युवा ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**"खेल गतिविधियाँ समाज में आत्मविश्वास, अनुशासन और समानता को बढ़ावा देती हैं।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



# महिला सहयोग की सराहना

## राज्यपाल ने अपनी धर्मपत्नी के सहयोग को बताया महत्वपूर्ण

08 मार्च 2026



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया ने यू.टी. सचिवालय, चंडीगढ़ स्थित उनके कार्यालय का दौरा किया। यह अवसर राज्यपाल के लिए विशेष और भावनात्मक रहा।

राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक महिला परिवार और समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने उल्लेख किया कि महिलाओं का समर्पण और सहयोग हमें जीवन में आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने अपनी जीवन यात्रा में श्रीमती अनीता कटारिया के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन को महत्वपूर्ण बताया।

# महिला सम्मान समारोह

## राज्यपाल ने विकसित राष्ट्र में महिलाओं की भूमिका को किया रेखांकित

08 मार्च 2026



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ में आयोजित महिला सम्मान समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ सहभागिता की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में महिलाओं के योगदान की सराहना की और कहा कि शिक्षा और समान अवसरों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण समाज की समग्र प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। राज्यपाल ने 27 महिलाओं को 'वूमेन अचीवर अवॉर्ड' प्रदान किया और उनकी उपलब्धियों को प्रेरणादायक बताया।

इस अवसर पर "प्रेरणा 2.0" पुस्तिका का भी विमोचन किया गया, जिसमें महिलाओं की प्रेरक उपलब्धियों को संकलित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं की समान भागीदारी से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने समाज से महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

09 मार्च 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पटियाला स्थित माता श्री काली देवी मंदिर में दर्शन कर पंजाब की शांति, समृद्धि और सर्वजन के कल्याण की प्रार्थना की।

# हॉर्स ब्रीड हेरिटेज शो

## राज्यपाल ने पारंपरिक नस्लों के संरक्षण का किया आह्वान

09 मार्च 2026





पटियाला में आयोजित 'पंजाब हॉर्स ब्रीड हेरिटेज शो' में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बताया गया कि करामती, माजुखे, नुकरा और चंबा जैसी पारंपरिक नस्लें पंजाब की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी हैं।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में स्वदेशी घोड़ा नस्लों के संरक्षण को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने बताया कि आधुनिक समय में इन नस्लों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने प्रजनकों और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की तथा युवाओं से इस विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# चंडीगढ़ बना पूर्ण साक्षर

## चंडीगढ़ ने 99.93 % साक्षरता दर के साथ पूर्ण साक्षर केंद्र शासित प्रदेश बनने का गौरव किया हासिल

**10 मार्च 2026**



चंडीगढ़ ने 99.93 प्रतिशत साक्षरता दर प्राप्त कर पूर्ण साक्षर केंद्र शासित प्रदेश बनने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा "उल्लास: नव साक्षरों के अलंकरण समारोह" का आयोजन किया गया, जिसमें नव-साक्षर नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ की साक्षरता दर 93.7 प्रतिशत से बढ़कर 99.93 प्रतिशत हुई, जो हजारों नागरिकों के सीखने के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने महिला साक्षरता में वृद्धि को महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

राज्यपाल ने प्रशासन, शिक्षा विभाग, शिक्षकों, स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में नव-साक्षरों को सम्मानित किया गया और सभी नागरिकों को निरंतर सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

> **"शिक्षा सशक्त और प्रगतिशील समाज की आधारशिला है, और यह उपलब्धि 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को और मजबूत करती है।"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



# पुस्तक का लोकार्पण

## राज्यपाल ने प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा को बताया सामूहिक जिम्मेदारी

**10 मार्च 2026**



पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने हरप्रीत संधू द्वारा लिखित चित्रात्मक कॉफी टेबल बुक "सुखना लेक एट डॉन" का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सुखना झील चंडीगढ़ की पहचान और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। राज्यपाल ने झील की सुंदरता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि झील की स्वच्छता बनाए रखना सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुस्तक में भोर के समय झील की प्राकृतिक छटा को दर्शाया गया है।

**12 मार्च 2026**



**राज्यसभा सांसद श्री विक्रमजीत सिंह साहनी ने पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट के दौरान क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की।**

# अर्बन इनोवेशन समिट 2026

## राज्यपाल ने भविष्य के शहरों के लिए समावेशी और नागरिक-प्रथम योजना पर दिया जोर

**12 मार्च 2026**




> "हमें ऐसे शहरों का निर्माण करना होगा जो स्मार्ट, हरित, समावेशी और नागरिकों के लिए सुविधाजनक हों। विकास का केंद्र हमेशा आम नागरिक होना चाहिए।"
>
> राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नगर निगम चंडीगढ़ एवं एलेट्स टेक्नोमीडिया द्वारा आयोजित "अर्बन इनोवेशन समिट 2026" में भाग लिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भविष्य के शहरों का विकास नागरिकों की आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिनिधियों और 30 से अधिक वक्ताओं ने भाग लिया।

राज्यपाल ने कहा कि संतुलित, सतत और समावेशी योजना से शहरों को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और रहने योग्य बनाया जा सकता है। उन्होंने मजबूत बुनियादी ढांचे, आधुनिक तकनीक और प्रभावी नीतियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा कि शहरी विकास का उद्देश्य केवल ढांचागत विस्तार तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर एवं गुणवत्ता में समग्र सुधार सुनिश्चित करना भी होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि चंडीगढ़ एक सुव्यवस्थित शहर का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ नागरिक-प्रथम दृष्टिकोण के साथ कई स्मार्ट परियोजनाएँ लागू की जा रही हैं। समिट में डिजिटल गवर्नेंस, सतत बुनियादी ढांचे, जल प्रबंधन, स्वच्छता और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा हुई।



# प्रशासक सलाहकार परिषद की बैठक

## प्रशासक ने सामूहिक प्रयासों से भविष्य उन्मुख चंडीगढ़ के विकास पर दिया जोर

**12 मार्च 2026**



चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित होटल माउंटव्यू में प्रशासक सलाहकार परिषद की बैठक पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने पूर्व बैठकों में दिए गए सुझावों पर की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक के दौरान परिषद के सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, शहरी अवसंरचना, परिवहन, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन एवं विरासत संरक्षण से संबंधित विषयों पर सुझाव प्रस्तुत किए। नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने, विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने और नवाचार अपनाने पर भी बल दिया गया।

प्रशासक ने परिषद के सदस्यों के अनुभव और सुझावों की सराहना की। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ को भविष्य के लिए सशक्त और नागरिक-केंद्रित शहर बनाने के लिए प्रशासन और परिषद के सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार सहित नागरिकों के हित में जारी पहलों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

**14 मार्च 2026**

**पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के फेज-1 स्थित कम्युनिटी सेंटर में चैंबर ऑफ चंडीगढ़ इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर का उद्घाटन किया। पी.जी.आई. ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 233 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, जो मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा।**



# मंडी निरीक्षण

## राज्यपाल ने सेक्टर-26 मंडी का औचक निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई और सुधार के दिए निर्देश

**14 मार्च 2026**




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर-26 स्थित अनाज, फल एवं सब्जी मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ लोक भवन में बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर किया जाए और जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए।

लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। एक स्वच्छता निरीक्षक की सेवाएं समाप्त की गईं, जबकि अन्य कर्मचारियों को निलंबित किया गया और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। सफाई एवं स्वच्छता सेवाएँ प्रदान करने वाली कंपनी पर 50,000 का जुर्माना लगाया गया और स्वच्छता टेंडर रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

राज्यपाल ने अधिकारियों को मंडी में स्वच्छता, सुव्यवस्था और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

> **“जनता को बेहतर सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है, इसके लिए लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।”**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



**14 मार्च 2026**



**चंडीगढ़ के लोक सभा सांसद श्री मनीष तिवारी ने पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपनी लिखित पुस्तक 'ए वर्ल्ड ए ड्रिफ्टः ए पार्लियामेंटेरियन्स पर्सपेक्टिव ऑन ग्लोबल पावर डायनेमिक्स' राज्यपाल को भेंट की।**

# पी.आई.बी का मीडिया आउटरीच कार्यक्रम

## राज्यपाल ने बिहार के पत्रकारों से बातचीत कर उनके अनुभव एवं सुझाव सुने

**15 मार्च 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से पंजाब लोक भवन में बिहार से आए पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। यह दौरा भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पी.आई.बी.) के मीडिया आउटरीच कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने पत्रकारों से विकास कार्यों को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे।

राज्यपाल ने पत्रकारों से उनके पंजाब और चंडीगढ़ दौरे के अनुभवों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने जलियांवाला बाग, अटारी बॉर्डर और स्वर्ण मंदिर सहित कई स्थलों की सराहना की। चंडीगढ़ में उन्होंने सुखना झील, रॉक गार्डन, अस्पताल और अन्य विकास परियोजनाओं का अवलोकन किया। पत्रकारों ने राज्य के विकास और व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

# आपकी योजना, आपके द्वार

## राज्यपाल ने अंतिम व्यक्ति तक योजनाएँ पहुँचाने के संकल्प को दोहराया

18 मार्च 2026





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के सेक्टर-18 स्थित टैगोर थिएटर में सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 'आपकी योजना, आपके द्वार' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने सामाजिक कल्याण योजनाओं को प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी रूप से पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया और समावेशी विकास के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की सच्ची शक्ति समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में निहित होती है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण, बच्चों के संरक्षण, वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और दिव्यांगजन के सहयोग हेतु चल रही योजनाओं को गरिमा, आत्मनिर्भरता और समान अवसर प्रदान करने वाला बताया।

उन्होंने युवाओं में जागरूकता बढ़ाने, विशेषकर नशा विरोधी अभियानों को मजबूत करने पर भी जोर दिया और नागरिकों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुँच सके।

कार्यक्रम के माध्यम से विभाग ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाई और "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य की दिशा में सामूहिक प्रयासों को सुदृढ़ किया।

> **"समावेशी विकास तभी संभव है, जब योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



# अखिल भारतीय पुलिस गोल्फ टूर्नामेंट

## राज्यपाल ने अनुशासन, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता पर दिया बल

**18 मार्च 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में 29वें अखिल भारतीय पुलिस गोल्फ टूर्नामेंट 2025-26 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पुलिस सेवाओं के बीच समन्वय, विश्वास और भाईचारे को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच बना। विभिन्न राज्यों और केंद्रीय पुलिस बलों के अधिकारियों की सहभागिता ने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को सशक्त किया।

राज्यपाल ने चंडीगढ़ पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शहर को सुरक्षित बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान दिया है और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी प्रभावी निर्वहन कर रही है।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। विशेष रूप से गोल्फ को उन्होंने एक ऐसा खेल बताया, जो एकाग्रता, संतुलन और मानसिक दृढ़ता को सुदृढ़ करता है।





18 मार्च 2026

साबरमती (गुजरात) से पंजाब यात्रा पर आए सिरोही जिला प्रवासी जैन समाज के 57 श्रद्धालुओं के दल ने चंडीगढ़ आगमन पर पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की।




18 मार्च 2026

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की जूडो टीम के खिलाड़ियों, कोच एवं मैनेजर ने पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने टीम के आत्मविश्वास, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए सभी को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं।




19 मार्च 2026

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने होशियारपुर स्थित 'आत्मसुख आत्मदेव आश्रम' के विशेष बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टेक चंद सूद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित यह आश्रम वर्ष 2012 से 71 विशेष बच्चों को निःशुल्क देखभाल एवं सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# माता मनसा देवी के दर्शन

## राज्यपाल ने नवरात्रि पर देशवासियों के सुख-समृद्धि और शांति की कामना की

19 मार्च 2026





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने प्रथम नवरात्रि के अवसर पर पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर में परिवार सहित दर्शन किए। उन्होंने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की।

उन्होंने विश्व शांति, सद्भाव और मानव कल्याण की कामना करते हुए मां भगवती से सभी को सकारात्मक ऊर्जा, ज्ञान और सेवा भाव प्रदान करने की प्रार्थना की।



**19 मार्च 2026**

पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, श्री शील नागू ने पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की।



**20 मार्च 2026**

नई दिल्ली प्रवास के दौरान पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट की तथा चंडीगढ़ को क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सहयोग का अनुरोध किया। यह प्रस्तावित केंद्र उत्तरी क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा शिक्षा एवं शोध को सुदृढ़ करते हुए पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के नागरिकों को व्यापक लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# भारत विद्युत शिखर सम्मेलन 2026

## राज्यपाल ने स्वच्छ व सतत ऊर्जा की दिशा में सहयोग और सुधारों पर दिया बल

**20 मार्च 2026**




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नई दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में सहभागिता की। इस दौरान केंद्रीय विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में राज्यपाल ने चंडीगढ़ के ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों और स्वच्छ ऊर्जा पहलों को साझा किया।

राज्यपाल ने बताया कि चंडीगढ़ प्रशासन ने बिजली वितरण के सफल निजीकरण, सौर ऊर्जा के विस्तार, ई-वाहन नीति के क्रियान्वयन तथा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सेवाओं के डिजिटलीकरण जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए। इन प्रयासों से उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं मिली हैं।

बैठक में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा राज्यों और केंद्र के बीच समन्वय को मजबूत करने पर विशेष चर्चा हुई। इस अवसर पर डिस्कॉम्स की कंज्यूमर सर्विस रेटिंग्स (CSRD) और डिस्ट्रिब्यूशन यूटिलिटीज रैंकिंग (DUR) रिपोर्ट भी जारी की गई, जिससे सेवा गुणवत्ता में सुधार और प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन मिला।

राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ, हरित और सतत ऊर्जा व्यवस्था की दिशा में निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

**20 मार्च 2026**



**नई दिल्ली प्रवास के दौरान पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अर्जुन राम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट की।**

# बिहार स्थापना दिवस

## राज्यपाल ने सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय समरसता का संदेश किया सुदृढ़

**22 मार्च 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में आयोजित बिहार स्थापना दिवस कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत को नमन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करते हैं।

राज्यपाल ने बिहार के शिक्षा, दर्शन और सामाजिक चिंतन में योगदान को सराहा तथा तख्त श्री पटना साहिब को पंजाब-बिहार के आध्यात्मिक संबंधों का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में झिझिया, जट-जटिन और छठ पूजा आधारित लोक प्रस्तुतियों ने बिहार की सांस्कृतिक विविधता को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया।

> "ऐसे आयोजन हमारी 'अनेकता में एकता' की भावना को और मजबूत करते हैं तथा देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाते हैं।"
>
> राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया








# व्यापारियों संग संवाद

## राज्यपाल ने आर्थिक प्रगति और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दी मजबूती

**22 मार्च 2026**




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में आयोजित "ट्रेडर्स डे एवं फाउंडर्स डे" समारोह में व्यापारिक समुदाय के साथ संवाद किया। उन्होंने चंडीगढ़ बेओपार मंडल द्वारा वर्षों से व्यापारियों को सशक्त मंच प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि व्यापारी वर्ग किसी भी शहर और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ का संगठित व्यापारिक ढांचा, विविध बाजार व्यवस्था और उद्यमशीलता शहर की आर्थिक मजबूती का आधार बने। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाने में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

राज्यपाल ने प्रशासन और व्यापारियों के बीच सकारात्मक संवाद की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि सहयोग से विकास की गति तेज होती है। उन्होंने डिजिटल तकनीकों, ई-कॉमर्स और नवाचार को अपनाने पर भी जोर दिया, ताकि व्यापारी बदलते समय के साथ आगे बढ़ सकें।

> **"व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और आपका योगदान आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है।"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



# हल्लोमाजरा समाधान शिविर

## राज्यपाल ने जन समस्याओं के त्वरित समाधान और सुशासन की प्रतिबद्धता को किया मजबूत

**23 मार्च 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के हल्लोमाजरा में आयोजित समाधान शिविर में भाग लेकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतों को दर्ज किया और उनके निस्तारण की प्रक्रिया शुरू की।

शिविर के दौरान कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें स्वच्छता, पेयजल, बिजली, सड़क, स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य को समयबद्ध कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया।

राज्यपाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का शीघ्र और समन्वित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन नागरिकों के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।







**"जनता के साथ सीधे संवाद और त्वरित कार्रवाई से ही सुशासन को सशक्त बनाया जा सकता है।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

# अमर शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि

## राज्यपाल ने युवाओं को प्रेरणा और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**23 मार्च 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के गांव दरिया स्थित म्यूज़ियम ऑफ ट्रीज़ में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उस विशेष बेर के पौधे को जल अर्पित किया, जो शहीद भगत सिंह के पैतृक गांव बांगे (फैसलाबाद, पाकिस्तान) में लगाए गए मूल वृक्ष से आनुवंशिक रूप से तैयार किया गया एक जीवंत स्मृति-प्रतीक है, और उनके साहस, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को नमन किया।

राज्यपाल ने कहा कि शहीद भगत सिंह का जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

उन्होंने म्यूज़ियम ऑफ ट्रीज़ द्वारा ऐतिहासिक महत्व के वृक्षों को संरक्षित करने के प्रयासों की सराहना की और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया।



# आधार पर कार्यशाला

## राज्यपाल ने पारदर्शी सेवा वितरण और समावेशी विकास पर दिया बल

**24 मार्च 2026**







पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के होटल माउंटव्यू में आयोजित “ड्राइविंग मैक्सिमम आउट ऑफ आधार” राज्य स्तरीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि आधार सुशासन, पारदर्शिता और सहज जीवन का महत्वपूर्ण आधार बन गया है।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने बताया कि आधार के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे सही पात्र व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगी और व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनी। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर ( DBT ) के जरिए आर्थिक सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुँची, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली।

राज्यपाल ने कहा कि जन्म पंजीकरण से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक आधार ने नागरिकों के जीवन को सरल बनाया और वंचित वर्गों तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की। उन्होंने इसे विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यशाला में विभिन्न अधिकारियों ने आधार के प्रभावी उपयोग और सेवा वितरण में सुधार के लिए तकनीकी समन्वय पर बल दिया।



# मेधावी बच्चों का सम्मान

## राज्यपाल ने प्रतिभा को प्रोत्साहन देकर उज्ज्वल भविष्य का दिया संदेश

**24 मार्च 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में पंजाब लोक भवन के कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा-पत्र और प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

इस अवसर पर कुल 10.25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और 25 प्रशंसा-पत्र वितरित किए गए। कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार का सम्मान बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाता है और उन्हें आगे बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने शिक्षा और खेल दोनों को समग्र विकास का आधार बताया तथा युवाओं को नशे से दूर रखने में खेलों की भूमिका पर बल दिया।

उन्होंने अभिभावकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में उनके मार्गदर्शन और त्याग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



**"युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है, उन्हें सही दिशा और अवसर देना हम सभी का कर्तव्य है।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



# चंडीगढ़ के 75 वर्ष

## राज्यपाल ने विरासत संरक्षण और सतत विकास का किया आह्वान

**24 मार्च 2026**







> **"चंडीगढ़ केवल एक शहर नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की दृष्टि और सृजनात्मकता की जीवंत अभिव्यक्ति है।"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के गवर्नमेंट म्यूज़ियम एवं आर्ट गैलरी में आयोजित "चंडीगढ़ के 75 वर्ष" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने शहर के निर्माण में भारतीय आधुनिकतावादियों के अमूल्य योगदान को नमन किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि चंडीगढ़ आधुनिक भारत की दृष्टि, योजनाबद्ध विकास और सृजनात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने प्रशासन द्वारा शहर की स्वच्छता, हरित क्षेत्र और सुव्यवस्थित ढांचे को बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ ने संतुलित शहरी जीवन का एक वैश्विक मॉडल प्रस्तुत किया है।

इस अवसर पर शहर के निर्माण में योगदान देने वाले 12 भारतीय आधुनिकतावादियों को सम्मानित किया गया। अधिकांश के परिवारजनों ने सम्मान प्राप्त किया, जबकि वरिष्ठ वास्तुकार एस.डी. शर्मा ने स्वयं इसे ग्रहण किया।

राज्यपाल ने कहा कि शहर की विरासत को संरक्षित रखते हुए सतत और भविष्य उन्मुख विकास की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों, संस्थानों और युवाओं से चंडीगढ़ के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# खिलाड़ियों का सम्मान

## राज्यपाल ने युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर खेल संस्कृति को किया सुदृढ़

**25 मार्च 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में 647 छात्र खिलाड़ियों को कुल 2.56 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम चंडीगढ़ प्रशासन के खेल विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सराहा गया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों ने युवाओं के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास तथा टीम भावना सिखाई। उन्होंने खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने निरंतर मार्गदर्शन देकर प्रतिभाओं को आगे बढ़ाया।

उन्होंने यह भी कहा कि खेलों ने युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में सहायक भूमिका निभाई हैं और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दिया हैं।

इस अवसर पर चंडीगढ़ में खेल अवसंरचना के विकास और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को भी रेखांकित किया गया। कार्यक्रम ने युवा खिलाड़ियों में उत्साह और आत्मविश्वास को और मजबूत किया।

> **"खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**





## 25 मार्च 2026

मोहाली में 'श्री बाँके बिहारी धाम' द्वारा आयोजित 'श्री राम कथा' कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सहभागिता की। चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के आदर्शों- सत्य, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में अपनाने का संदेश दिया तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना, सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।



## 25 मार्च 2026

रूस के भारत में राजदूत श्री डेनिस अलीपोव ने पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से पंजाब लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी हितों के विषयों पर चर्चा हुई और भारत-रूस के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और सुदृढ़ करने की भावना प्रकट हुई।

## 26 मार्च 2026

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया की उपस्थिति में राम नवमी के पावन अवसर पर पंजाब लोक भवन में भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम देखने को मिला। प्रभु श्रीराम के मधुर भजनों ने पूरे वातावरण को भक्ति मय बना दिया।



# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा

## राज्यपाल की सहभागिता से आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकता को मिला सुदृढ़ बल

**26 मार्च 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने रामनवमी के पावन अवसर पर खरड़, मोहाली स्थित श्री राम भवन में आयोजित मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की। उन्होंने इस दिव्य आयोजन को जनभागीदारी, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का सशक्त प्रतीक बताया।

राज्यपाल ने मंदिर निर्माण में समाज के विभिन्न वर्गों के योगदान की सराहना करते हुए इसे एकता और सामूहिक प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। साथ ही, महाराजा अज्ज सरोवर के ऐतिहासिक महत्व और उसके संरक्षण के प्रयासों को भी महत्वपूर्ण बताया।

**26 मार्च 2026**




**पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में छत्तीसगढ़ से आए 14 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। यह दौरा भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पी.आई.बी.) की अंतर-राज्यीय अध्ययन यात्रा के तहत आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक गमछा एवं बस्तर कला का स्मृति चिन्ह भेंट किया।**

# राम नवमी महोत्सव

## राज्यपाल ने सद्भाव और संस्कारों को सुदृढ़ करने का दिया संदेश

**27 मार्च 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के सेक्टर-20बी स्थित श्री चैतन्य गौड़ीय मठ में आयोजित 'राम नवमी महोत्सव' में सहभागिता की और श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भक्ति, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के पुनर्जागरण का माध्यम रहा।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं। राज्यपाल ने मठ द्वारा समाज सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इसे प्रेरणादायक बताया।



**27 मार्च 2026**

**पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, सेक्टर-46D, चंडीगढ़ में डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से सभी वर्गों को सुलभ और किफायती जांच सेवाएं प्रदान करेगा तथा जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करेगा।**

# सूर्यकिरण एयर शो

## राज्यपाल ने वायु सेना के प्रदर्शन की सराहना कर युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए किया प्रेरित

**28 मार्च 2026**




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के सुखना लेक पर भारतीय वायु सेना के 'सूर्यकिरण' एयर शो का अवलोकन किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने पायलटों के अद्भुत कौशल, अनुशासन और समन्वय की सराहना की।

एयर शो के दौरान विमानों ने आकाश में तिरंगे के रंग बिखेरते हुए आकर्षक करतब दिखाए। पायलटों ने सटीक गठन में उड़ान, लूप, रोल और अन्य रोमांचक प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया और दर्शकों ने उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाईं।

राज्यपाल ने कहा कि यह प्रदर्शन भारतीय वायु सेना की उत्कृष्टता और पेशेवर क्षमता का प्रतीक है तथा युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आयोजन की सफल व्यवस्था के लिए प्रशासन और आयोजकों की सराहना की।



एयर शो 2026



# प्रेरक संवाद

## लेडी गवर्नर ने दिव्यांग बच्चों संग आत्मीय संवाद कर समावेशिता का दिया संदेश

### 28 मार्च 2026





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया के मार्गदर्शन में लेडी गवर्नर श्रीमती अनीता कटारिया ने चंडीगढ़ स्थित गवर्नमेंट रिहैबिलिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटीज का दौरा किया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उनकी प्रतिभा की सराहना की और स्नेहपूर्वक उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने बच्चों के साथ मिठाइयाँ व फल साझा कर वातावरण को आनंदमय बनाया। साथ ही संस्थान की शैक्षणिक व पुनर्वास गतिविधियों का अवलोकन कर शिक्षकों और स्टाफ के समर्पण की प्रशंसा की। यह दौरा समाज में करुणा, सहयोग और समावेशी दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने का संदेश देकर प्रेरणादायी रहा।

### 30 मार्च 2026



**पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राज्य सैनिक बोर्ड की 35वीं बैठक में शहीदों के परिवारों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याण हेतु नई योजनाओं को स्वीकृति दी और उनके सम्मान, सुरक्षा तथा सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।**

# आध्यात्मिक शोभा यात्रा

## राज्यपाल ने महावीर जयंती पर अहिंसा और एकता का दिया संदेश

**30 मार्च 2026**






पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में महावीर जयंती के पावन अवसर पर आयोजित भव्य शोभा यात्रा में सहभागिता की। यह यात्रा सेक्टर-28, चंडीगढ़ के श्वेताम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न स्थलों से होती हुई सेक्टर-24, चंडीगढ़ स्थित तेरापंथ जैन भवन तक पहुँची। राज्यपाल ने जैन समाज की एकता, अनुशासन और श्रद्धा की सराहना की।



अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और संयम के सिद्धांतों को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। यह आयोजन समाज में सद्भाव, सहिष्णुता और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने वाला प्रेरणादायी अवसर बना।



# सांस्कृतिक समागम

## राज्यपाल ने विविधता में एकता की भावना को किया रेखांकित

**30 मार्च 2026**







पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में राजस्थान एवं ओडिशा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने दोनों राज्यों के नागरिकों को शुभकामनाएँ दीं और उनकी समृद्ध विरासत की सराहना की।

कार्यक्रम में राजस्थान की लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियों के साथ ओडिशा की सांस्कृतिक झलकियों ने सभी को आकर्षित किया। विविध प्रस्तुतियों ने भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और परंपराओं का सुंदर प्रदर्शन किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान की वीरता और ओडिशा की आध्यात्मिकता मिलकर भारत की साझा पहचान को सशक्त बनाती हैं। उन्होंने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल को सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया। यह आयोजन राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक सम्मान और समरसता को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी अवसर बना।

**"भारत की शक्ति  उसकी विविधता में एकता में निहित है, जो हमें एक सूत्र में जोड़ती है।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



# पीड़ित परिवारों से संवाद

## राज्यपाल ने प्रभावित परिवारों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार का दिया आश्वासन

**31 मार्च 2026**







पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से पंजाब लोक भवन में आतंकवाद प्रभावित परिवारों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी लंबित मांगों और समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने सभी मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके प्रति संवेदनशीलता व्यक्त की।

प्रतिनिधिमंडल ने वित्तीय पैकेज, मुआवजा, पेंशन में वृद्धि, प्लॉट आवंटन और रोजगार से जुड़े विषय उठाए। उन्होंने शहीद पुलिस कर्मियों, सरकारी कर्मचारियों तथा नागरिक पीड़ितों के परिवारों के लिए विशेष सुविधाओं और राहत की मांग रखी।

राज्यपाल ने आश्वस्त किया कि इन सभी मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा और संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह बैठक पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।



**31 मार्च 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने न्यू चंडीगढ़ के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए आईपीएल (IPL) मैच का अवलोकन किया तथा खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और दर्शकों के उत्साह की सराहना की।

ऐतिहासिक उपलब्धि

महिलाओं की साक्षरता दर 90.7% से बढ़कर 99.89% पहुंची

# चंडीगढ़ अब पूर्ण साक्षर

संवाद न्यूज एजेंसी


टैगोर थियेटर में हुए कार्यक्रम में जानकारी देते प्रशासक गुलाब चंद कटारिया। साथ में अन्य अधिकारी।

452 लोग ही बचे हैं चंडीगढ़ में जो अभी साक्षर नहीं

# प्रशासक ने हरप्रीत संधू की लिखित कॉफी टेबल बुक सुखना लेक एट डॉन का किया विमोचन


चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन में हरप्रीत संधू की लिखित कॉफी टेबल बुक सुखना लेक एट डॉन का विमोचन करते हुए।

# 'पिछले सभी बदलावों की अधिसूचनाओं को भी किया जाए नीति में शामिल'

प्रशासक का जनता दरबार



वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लाई जाए

# केंद्रीय विवि के अंग्रेजी साहित्य महोत्सव का शुभारंभ

बठिंडा, 24 मार्च (निस)


महोत्सव के ऑनलाइन शुभारंभ मौके पर राज्यपाल कटारिया।

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को ऑनलाइन माध्यम से केंद्रीय पंजाब विश्वविद्यालय के चौथे दो दिवसीय वार्षिक अंग्रेजी साहित्य महोत्सव 2026 का उद्घाटन किया।

इस दौरान राज्यपाल कटारिया ने साल 2009 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी पंजाब की स्थापना के बाद से हुई शानदार तरक्की की तारीफ की और इसके 17 साल के सफर को प्रेरणा देने वाला बताया। उन्होंने समाज को बनाने और युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने में साहित्य और शिक्षा की अहम भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि ऐसे साहित्यिक मेले रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं और विचारों की प्रस्तुति और संवाद के लिए सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने समाज निर्माण और युवा पीढ़ी को प्रेरित करने में साहित्य और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। साहित्य के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य न केवल समाज का दर्पण है, बल्कि उसे दिशा भी देता है। भारतीय साहित्यिक परंपराओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वाल्मीकि रामायण जैसे ग्रंथों ने समाज को आदर्शों और मूल्यों की समझ प्रदान की है।

# एसडी कॉलेज के दीक्षांत समारोह में प्रशासक ने विद्यार्थियों को मैं नहीं, हम की सोच अपनाने का दिया संदेश

कॉलेज के 48वें दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के 1886 विद्यार्थियों को दी गई डिग्री





# 109 top cops from across India play golf in city

TIMES NEWS NETWORK

**Chandigarh:** Chandigarh Police is organizing the ongoing 39th All India Golf Tournament from March 18 to 19 for the first time in the city. A total of 109 officers, from the Indian Police Service (IPS) and GO rank, along with their families have arrived in the city.

The game commenced on Wednesday and will carry on till Thursday. The teams are following a Double Peoria System- it is a golf handicap method for tournament play where 12 hidden holes are selected after play to determine a players handicap.

ALL INDIA GOLF TOURNAMENT

The Governor of Punjab inaugurated the tournament and is expected to attend the closing ceremony and honor the winners with trophies and certificates.

Police officials said preparations have been underway for the past twenty days. Each participant will be accompanied by police department staff, including cameramen, who will handle videography and still photography. Staff from the UT Administration will also take part in the competition.

There are a total of 24 teams participating. There will two rounds of 18 holes each.

The DGP, Dr Sagar Preet Hooda, is overseeing it and will be participating in the tournament. The SSP of Chandigarh hit practice shots on Wednesday.


Punjab governor and UT administrator inaugurated the tournament on Wednesday; Chandigarh SSP Kanwardeep Kaur hit practice shots during the day



सम्मान

शहर की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर हुआ कार्यक्रम, राज्यपाल ने किया सम्मानित

# शहर के विकास में योगदान देने वाली 12 शख्सियतों का सम्मान



चंडीगढ़ सिटिजन्स फाउंडेशन की भूमिका की सराहना की

# सर्वाइकल कैंसर पर बड़ा वार, इंजैक्शन से रोका जा सकता है, एच.पी.वी. के टीकाकरण की शुरूआत

14 साल की बेटियों को लगेगा गार्डासिल-4 टीका, यू.टी. में तीन महीने चलेगा विशेष अभियान, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध होगा एच.पी.वी. टीका



पूरी तैयारी के साथ उतरा स्वास्थ्य विभाग

'आपकी योजना-आपके द्वार' : प्रशासक बोले- हर पात्र तक पहुंचें योजनाएं

# 4.7 लाख महिलाओं, 1.17 लाख बच्चों व 15 हजार दिव्यांगों को योजनाओं का लाभ



### 450 आंगनबाड़ी सेंटर सहित मजबूत नेटवर्क

# बेहतर चंडीगढ़ के लिए प्रशासन और एडवाइजरी काउंसिल के सदस्यों का मिलकर काम करना जरूरी: प्रशासक

## एडवाइजरी काउंसिल की बैठक मे प्रशासक बोले, बैठक मे उठे मुद्दों पर कार्रवाई होनी जरूरी






# कमजोर वर्गों के उत्थान में निहित है समाज की ताकत

## आपकी योजना-आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को दी गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

चंडीगढ़। सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग चंडीगढ़ ने सामाजिक कल्याण सलाहकार समिति के सहयोग से टैगोर थिएटर, सेक्टर-18 में आपकी योजना-आपके द्वार कार्यक्रम किया।

इसमें कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक कर नागरिकों तक उनकी प्रभावी पहुंच सुनिश्चित की गई। पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया इसमें मुख्य अतिथि रहे और प्रशासक की सामाजिक कल्याण स्थायी समिति के अध्यक्ष सत्य पाल जैन विशिष्ट अतिथि थे। प्रशासक ने कहा कि एक लोकतांत्रिक समाज की असली ताकत उसके सबसे कमजोर वर्गों के उत्थान में निहित है। उन्होंने समावेशी विकास के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया। चंडीगढ़ के पूर्व महापौर दवेश मोदगिल ने कहा कि हमें इन योजनाओं को उस व्यक्ति तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए जो कतार में सबसे अंत में खड़ा है।

चंडीगढ़ की लगभग 10.5 लाख की आबादी है। यहां मजबूत संस्थागत नेटवर्क के माध्यम से लगभग 4.7 लाख महिलाओं, 1.17 लाख बच्चों, 72,000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों और लगभग 15,000 दिव्यांग व्यक्तियों को सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इस अवसर पर अनुराधा एस.एस. छागती (सचिव), पालिका अरोड़ा निदेशक, समाज कल्याण आदि मौजूद रहे।



समाज कल्याण विभाग के कार्यक्रम में पहुंचे राज्यपाल कटारिया। अमर उजाला

दिल्ली में इलेक्ट्रिसिटी समिट

# 319.68 मिलियन यूनिट बिजली सोलर से जेनरेट : कटारिया



चंडीगढ़। चंडीगढ़ को मॉडल सोलर सिटी के तौर पर विकसित किया जा रहा है। दिल्ली में मिनिस्ट्री ऑफ पावर द्वारा आयोजित इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने बताया कि शहर ने अब तक 319.68 मिलियन यूनिट बिजली सोलर एनर्जी से जेनरेट की है। इससे करीब 2.2 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। मार्च 2026 तक शहर में 11633 साइट्स पर 103.623 मेगावाट क्षमता वाले सोलर प्लांट लगाए जा चुके हैं।

इनमें 6606 सरकारी बिल्डिंग्स पर 67 मेगावाट और 5057 प्राइवेट बिल्डिंग्स में 36.62 मेगावाट रूफटॉप सोलर शामिल हैं। प्रशासक ने पीएम सूर्य घर योजना और ईवी पॉलिसी के तहत किए जा रहे कामों की जानकारी भी दी। चंडीगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 25 ई-बसें पीएम ई-बस सेवा के तहत चलाई गई हैं, जबकि 75 और बसें जल्द मिलेंगी। इसके अलावा, शहर में 36 पब्लिक चार्जिंग स्टेशन और 11 बैटरी स्वैपिंग फैसिलिटी स्थापित की गई है। अगले कुछ महीनों में 15 और स्टेशन लगाए जाएंगे।



इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में लगे रक्तदान शिविर में पहुंचे राज्यपाल कटारिया। अमर उजाला

# चैंबर ऑफ चंडीगढ़ इंडस्ट्रीज के शिविर में 233 लोगों ने किया रक्तदान

चंडीगढ़। चैंबर ऑफ चंडीगढ़ इंडस्ट्रीज ने शनिवार को औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में रक्तदान शिविर लगाया। रक्तदान शिविर में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्यातिथि रहे। प्रशासक ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए लोगों को नेक कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिविर में 233 लोगों ने रक्तदान किया। चैंबर ऑफ चंडीगढ़ इंडस्ट्रीज के वाइस प्रेसिडेंट नवीन मंगलानी ने बताया कि आयोजन चैंबर ऑफ चंडीगढ़ इंडस्ट्रीज की 30वीं वार्षिक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत किया गया। कार्यक्रम में उद्योग जगत से जुड़े कर्मचारियों और महिलाओं ने भाग लिया और रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। ब्यूरो

चैतन्य गौड़ीय मठ का वार्षिक उत्सव, राज्यपाल ने संत समाज को बताया संस्कृति का आधार

# राम का जीवन केवल पूजन के लिए नहीं, बल्कि अनुसरण के लिए भी है: कटारिया

## श्रीराम के आदर्श अपनाने का संदेश दिया



श्रीराम ने कर्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा

बैठक | पंजाब राज्य सैनिक बोर्ड की बैठक आयोजित

# पंजाब के वीर सैनिक सदैव देश की सीमाओं की रक्षा में अग्रिम पंक्ति में रहे : कटारिया

### बैठक में वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिए आवश्यक बजट को मंजूरी



पंजाब राज्य सैनिक बोर्ड की 35वीं बैठक आज पंजाब लोक भवन में गुलाब चंद कटारिया अध्यक्षता करते हुए।

# राज्यपाल ने पारदर्शी सेवा वितरण और समावेशी विकास के लिए आधार को महत्वपूर्ण बताया



# जनसेवा का जायजा

## राज्यपाल ने स्वास्थ्य व पशु कल्याण व्यवस्थाओं की समीक्षा कर सुधार पर दिया बल

**02 अप्रैल 2026**



**"बेहतर सुविधाएँ और संवेदनशील सेवाएँ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में जीएमसीएच-32, ग्रुप होम-31 और एसपीसीए-38 का औचक निरीक्षण किया तथा विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यह दौरा प्रशासन की जनसेवा, समावेशी देखभाल और पशु कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

राज्यपाल ने सबसे पहले जीएमसीएच-32 के इमरजेंसी एवं ट्रॉमा ब्लॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रायेज, सर्जिकल, मेडिसिन और पीडियाट्रिक इमरजेंसी वार्डों का दौरा किया तथा मरीजों से बातचीत की। अधिकांश मरीजों ने उपचार सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने ब्लड कलेक्शन सेंटर, अल्ट्रासाउंड कक्ष और आपातकालीन ऑपरेशन थिएटर की जानकारी भी ली।

इसके बाद राज्यपाल ने सेक्टर-31 स्थित ग्रुप होम का निरीक्षण किया, जहाँ मानसिक रोग, बौद्धिक दिव्यांगता और ऑटिज्म से जुड़े व्यक्तियों को देखभाल एवं पुनर्वास सेवाएँ दी जाती हैं। उन्होंने निवासियों और कर्मचारियों से संवाद किया तथा अधिक पात्र लाभार्थियों तक सुविधा पहुँचाने के लिए जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

अंत में राज्यपाल ने एसपीसीए-38 का दौरा कर स्वच्छता, पशुओं की देखभाल और उपचार व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने घायल एवं बीमार पशुओं के उपचार की जानकारी ली तथा आक्रामक कुत्तों के प्रबंधन हेतु प्रभावी मानक संचालन प्रक्रिया लागू करने पर बल दिया।



## 04 अप्रैल 2026




पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने राजस्थान के बांसवाड़ा स्थित भारतीय विद्या मंदिर संस्थान में आयोजित 'वर्तमान में शिक्षा की चुनौतियाँ और शिक्षकों की भूमिका' विषयक राष्ट्रीय विचार गोष्ठी में सम्मिलित होकर शिक्षा, संस्कार एवं नवाचार पर अपने विचार साझा किए तथा स्वर्गीय पन्नालाल जी नागर की जन्मशती वर्ष पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

## 04 अप्रैल 2026

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने बांसवाड़ा की पुण्य धरा पर गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में आयोजित 'विकसित भारत के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका' विषयक राष्ट्रीय विचार गोष्ठी में सहभागिता कर शिक्षकों एवं शिक्षाविदों के साथ संवाद किया तथा विकसित, आत्मनिर्भर और मूल्यनिष्ठ भारत के निर्माण में गुरुजनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर विश्वास व्यक्त किया।



# संस्कृति संरक्षण

## राज्यपाल की अध्यक्षता में सांस्कृतिक आदान-प्रदान व कलाकार प्रोत्साहन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**06 अप्रैल 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में उदयपुर में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की शासकीय मंडल बैठक आयोजित हुई। इसमें राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत बनाने और नई पीढ़ी तक विरासत पहुँचाने पर व्यापक चर्चा हुई।

बैठक में चंडीगढ़ में कश्मीर एवं लद्दाख महोत्सव, राजस्थान में पंजाब महोत्सव तथा कश्मीर में राजस्थान महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कलाग्राम, चंडीगढ़ में टैगोर सांस्कृतिक परिसर योजना के अंतर्गत ऑडिटोरियम निर्माण को स्वीकृति दी गई, जिसमें चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा लगभग 5.6 करोड़ रुपये का योगदान दिया जाना तय हुआ।

> **"भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

राज्यपाल ने युवा और लोक कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए वार्षिक पुरस्कारों को भी स्वीकृति प्रदान की। सदस्य राज्यों के कलाकारों के लिए ₹12 लाख की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई। बैठक में वर्ष 2024-25 के व्यय को अनुमोदित किया गया तथा 2025-26 के कार्यक्रमों के लिए बजट प्रस्ताव पर भी सहमति बनी।

राज्यपाल ने कहा कि राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता और मजबूत होती है। उन्होंने कम आयु में प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें मंच देने की आवश्यकता पर बल दिया।



## 06 अप्रैल 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने उदयपुर हवाई अड्डे पर चंडीगढ़ लौटते समय राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे से शिष्टाचार भेंट की तथा राजस्थान के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और राज्य की प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की।

## 07 अप्रैल 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के सेक्टर-27बी स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धाभाव से दर्शन किए तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।

# प्रगति पथ

## राज्यपाल ने युवा इंजीनियरों को राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने को किया प्रेरित

**08 अप्रैल 2026**





> “युवा इंजीनियर नवाचार, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएँ।”
>
> राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया लुधियाना में गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज के प्लेटिनम जुबली समारोह में सम्मिलित हुए और संस्थान की 70 वर्षों की गौरवशाली शैक्षिक यात्रा को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान तकनीकी उत्कृष्टता के साथ राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित प्रतिभाओं का प्रेरणास्त्रोत है।

राज्यपाल ने संस्थान के प्रबंधन, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1956 में स्थापित यह कॉलेज पंजाब के ग्रामीण युवाओं की आकांक्षाओं का केंद्र बना और देश-विदेश को उत्कृष्ट इंजीनियर दिए। अब तक लगभग 40,000 स्नातक और 10,000 स्नातकोत्तर विद्यार्थी यहाँ से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएँ दे चुके हैं।

उन्होंने कहा कि आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग और नवीकरणीय ऊर्जा का है। ऐसे समय में युवा इंजीनियरों को केवल रोजगार तक सीमित न रहकर समाज की समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, कृषि सुधार, जल संकट और पराली प्रबंधन जैसी चुनौतियों के लिए तकनीकी नवाचार पर बल दिया।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से रोजगार खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बनने का आह्वान किया।



# विश्व नवकार मंत्र जाप

## राज्यपाल ने विश्व नवकार मंत्र दिवस पर अहिंसा, करुणा व सह-अस्तित्व अपनाने का किया आह्वान

**09 अप्रैल 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया पंजाब लोक भवन में आयोजित वैश्विक आध्यात्मिक समागम 'विश्व नवकार मंत्र दिवस' में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर 108 देशों में एक साथ नवकार महामंत्र का जाप हुआ, जिसे राज्यपाल ने मानवता, शांति और आत्म-विजय का वैश्विक संदेश बताया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह भी नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन से ऑनलाइन माध्यम के जरिए जुड़े।




**"नवकार महामंत्र कोई याचना नहीं, बल्कि ऐसा जीवन मार्ग है जो हमें भीतर से शुद्ध कर मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है।"**

राज्यपाल ने कहा कि नवकार महामंत्र केवल मंत्रोच्चार नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, करुणा और सद्भाव का मार्ग है। यह मनुष्य को भीतर की नकारात्मकताओं पर विजय प्राप्त करने और समाज के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब विश्व हिंसा, तनाव और असहिष्णुता से जूझ रहा है, तब भगवान महावीर के अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह के सिद्धांत और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

उन्होंने 'सरबत दा भला' की भावना को अपनाते हुए समाज में शांति, सेवा और सह-अस्तित्व का वातावरण मजबूत करने का संदेश दिया।



# 41वें दीक्षांत समारोह

## राज्यपाल ने युवाओं को कौशल और नवाचार अपनाने के लिए किया प्रेरित

**09 अप्रैल 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के 41वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने 725 विद्यार्थियों को डिग्रियाँ और मेडल प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

राज्यपाल ने कहा कि पंजाबी विश्वविद्यालय भाषा, संस्कृति और ज्ञान की समृद्ध परंपरा का गौरवशाली केंद्र रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय के आदर्श वाक्य "विद्या विचारी तां परोपकारी" अर्थात "वह व्यक्ति वास्तव में विद्वान और ज्ञानी है, जो दूसरों की भलाई करता है", का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है, जब वह समाज के कल्याण और मानवता की सेवा में उपयोगी बने।

उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय पंजाबी भाषा, साहित्य, इतिहास, शोध और आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करता रहा है। साथ ही, खेल, नवाचार, स्टार्टअप और शोध के क्षेत्र में भी संस्थान ने विशेष पहचान बनाई है।

राज्यपाल ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनके मार्गदर्शन, समर्पण और निरंतर परिश्रम का बड़ा योगदान होता है। उन्होंने युवाओं से अपने ज्ञान, कौशल और चरित्र के बल पर विकसित भारत 2047 के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।









**"ज्ञान तभी सार्थक होता है, जब वह परोपकार और समाज के कल्याण के लिए उपयोगी बने"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

# 150वां स्थापना दिवस समारोह

## राज्यपाल ने गौरव समारोह में विरासत और नवाचार को साथ लेकर चलने का दिया संदेश

**09 अप्रैल 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया पटियाला के सरकारी मोहिंद्रा कॉलेज के 150वें स्थापना दिवस समारोह के समापन अवसर पर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने संस्थान की गौरवशाली विरासत की सराहना की और कॉलेज परिवार को शुभकामनाएँ दीं।

राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 1875 में स्थापित इस महाविद्यालय ने डेढ़ शताब्दी से अधिक समय तक समाज, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कॉलेज की ऐतिहासिक उपलब्धियों, उत्कृष्ट शिक्षण परंपरा, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि आधुनिक समय में संस्थानों को शोध, नवाचार और कौशल विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने, असफलताओं से सीखने और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का संदेश दिया।






# तकनीक का उत्सव

## बठिंडा दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने उपाधियाँ देकर नवाचार व राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

**10 अप्रैल 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने बठिंडा स्थित महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी के तृतीय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने 184 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान कीं, जिनमें स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोधार्थी शामिल रहे। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने अल्प समय में तकनीकी शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई। राज्यपाल ने संस्थान की NAAC मान्यता, विविध शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, अनुसंधान उपलब्धियों तथा उद्योग जगत से जुड़ाव की सराहना की।

राज्यपाल ने महाराजा रणजीत सिंह जी के सुशासन, प्रगति और जनकल्याण के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीक का अंतिम उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाना होना चाहिए।



# स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना

## राज्यपाल ने एम्स बठिंडा की आपातकालीन एवं चिकित्सा सुविधाओं का किया अवलोकन

**10 अप्रैल 2026**








पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने बठिंडा स्थित एम्स का दौरा किया। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं का निरीक्षण किया तथा हार्ट कमांड सेंटर, आपातकाल वार्ड, ट्रायेज सुविधा, सर्जिकल ट्रॉमा वार्ड और सर्जिकल आईसीयू का अवलोकन किया। राज्यपाल ने आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और त्वरित उपचार व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

राज्यपाल ने चिकित्सकों और संकाय सदस्यों से संवाद करते हुए रोगी सेवा, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कैंसर उपचार, प्रत्यारोपण कार्यक्रम, शिशु एवं नवजात देखभाल, आउटरीच सेवाओं तथा मरीजों और परिजनों के लिए आश्रय गृह जैसी पहलों को महत्वपूर्ण बताया।

राज्यपाल ने संस्थान प्रशासन को अतिरिक्त भूमि आवंटन हेतु मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने के लिए प्रोत्साहित किया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

> **"प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।"**
>
> **राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

# भाई गुरदास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का दीक्षांत समारोह

## राज्यपाल ने संगरूर में विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान कर नवाचार, उद्यमिता और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

**10 अप्रैल 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने संगरूर स्थित भाई गुरदास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तृतीय दीक्षांत समारोह में भाग लिया। उन्होंने 1,479 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान कीं, जिनमें 375 पोस्ट ग्रेजुएट और 1,104 ग्रेजुएट विद्यार्थी शामिल रहे।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के त्याग का परिणाम है। उन्होंने संस्थान द्वारा शिक्षा, शोध और कौशल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने पंजाब को नशामुक्त, हरा-भरा और समृद्ध बनाने में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।



## 11 अप्रैल 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक होकर छोटे साहिबज़ादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के अद्वितीय बलिदान को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने 'सरबत दा भला' की अरदास करते हुए मानवता के कल्याण, शांति और समृद्धि की कामना की।

## 11 अप्रैल 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री फतेहगढ़ साहिब दौरे के दौरान दीवान टोडर मल हवेली के निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और इस ऐतिहासिक धरोहर को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह स्थल त्याग, सेवा और बलिदान की महान परंपरा का प्रेरणास्रोत है।

# फतेहगढ़ साहिब यूनिवर्सिटी दीक्षांत समारोह

## राज्यपाल ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर शिक्षा, सेवा व राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

**11 अप्रैल 2026**





पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी, फतेहगढ़ साहिब के पाँचवें दीक्षांत समारोह में भाग लिया। उन्होंने 673 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान कीं, जिनमें 32 पीएचडी, 27 स्वर्ण पदक विजेता, 120 पोस्टग्रेजुएट और 494 ग्रेजुएट विद्यार्थी शामिल रहे।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, सत्यनिष्ठा और सेवा भाव अपनाना है। उन्होंने सिख गुरुओं की महान विरासत से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

उन्होंने युवाओं से नवाचार, कौशल विकास और उद्यमिता अपनाने का आग्रह किया तथा नशा-मुक्त पंजाब के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।



**11 अप्रैल 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ रेजिडेंट्स एसोसिएशन वेलफेयर फेडरेशन (CRAWFED) की डायरेक्टरी एवं स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पहल नागरिक सहभागिता को सशक्त बनाने, प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद बढ़ाने तथा सुशासन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। उन्होंने विश्वाश व्यक्त किया कि CRAWFED के निरंतर प्रयास चंडीगढ़ को स्वच्छ, सुरक्षित, संगठित और आदर्श शहर बनाने में अहम भूमिका निभाते रहेंगे।

# दैनिक सवेरा टीवी कॉन्क्लेव

## राज्यपाल ने सुशासन, युवा शक्ति और विकास का दिया संदेश

**12 अप्रैल 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने दैनिक सवेरा टीवी कॉन्क्लेव में पंजाब और चंडीगढ़ के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में कार्य करना उनके लिए गौरव और सौभाग्य की बात है।

राज्यपाल ने बताया कि उन्होंने पंजाब के लगभग सभी जिलों का दौरा कर जनता से सीधा संवाद किया। सीमावर्ती क्षेत्रों, बाढ़ प्रभावित जिलों, किसानों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से मिलकर उन्होंने जनभावनाओं को समझने का प्रयास किया।

राज्यपाल ने आगे कहा कि लोगों की समस्याओं को निकट से समझने के उद्देश्य से ही लोक भवन को जनता के लिए खुले संवाद का केंद्र बनाया गया है, जहाँ उनकी शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

युवाओं के विषय में राज्यपाल ने कहा कि पंजाब का युवा प्रतिभाशाली है और उसे शिक्षा, कौशल विकास, खेल, स्टार्टअप तथा रोजगार के अवसरों से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

चंडीगढ़ के संबंध में राज्यपाल ने कहा कि शहर को स्मार्ट, स्वच्छ, हरित, डिजिटल और खेल केंद्र के रूप में आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत, नागरिक सहभागिता और नशामुक्त पंजाब के संकल्प को राज्य की प्राथमिकता बताया। राज्यपाल ने अंत में कहा कि जनता की प्रगति, सुरक्षा और खुशहाली ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।




दैनिक सवेरा टीवी कॉन्क्लेव

13 अप्रैल 2026



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर-17, चंडीगढ़ में आयोजित श्री राधा रस भागवत कथा में उपस्थित होकर आध्यात्मिक आनंद और भक्ति रस का अनुभव प्राप्त किया।

# डीएवी वार्षिक पुरस्कार समारोह

## राज्यपाल ने युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण के लिए किया प्रेरित

14 अप्रैल 2026



जालंधर में डीएवी कॉलेज के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 26 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इनमें स्वर्ण पदक विजेता, विश्वविद्यालय रैंकधारी तथा खेल और राष्ट्रीय गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएँ शामिल रहे।

राज्यपाल ने कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रतीक है। उन्होंने डीएवी संस्था की शिक्षा परंपरा की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति बताते हुए "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही, नशा-मुक्त और सशक्त समाज के निर्माण के लिए सभी से जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

## वैसाखी के पावन अवसर पर शबद कीर्तन



14 अप्रैल 2026

खालसा साजना दिवस और वैसाखी के पावन अवसर पर पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में आयोजित शबद कीर्तन में पंजाब लोक भवन परिवार ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। सभी ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी भाई शौकीन सिंह के कीर्तन का श्रवण किया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने श्री हरप्रीत सिंह संधू द्वारा रचित कॉफी टेबल पुस्तक Wheat Fields of Punjab: The Spirit of Vaisakhi का विमोचन कर पंजाब की कृषि विरासत और सांस्कृतिक धरोहर को सराहा।

## एवन के 75 वर्ष



14 अप्रैल 2026

लुधियाना में एवन साइकिल्स के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने भाग लिया। उन्होंने 1947 से आरंभ इस गौरवशाली यात्रा को परिश्रम, नवाचार और गुणवत्ता का प्रतीक बताते हुए साइकिल को 'फिट इंडिया' एवं हरित जीवनशैली का माध्यम बताया।



19 अप्रैल 2026

अमृतसर स्थित आदि नाथ जैन मंदिर में दर्शन कर पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया।




19 अप्रैल 2026

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने विश्व शांति सद्भावना सम्मेलन में सहभागिता की तथा भगवान महावीर के अहिंसा और अनेकांत के सिद्धांतों को अपनाकर प्रेम, करुणा और समरसता आधारित विश्व निर्माण का आह्वान किया।



20 अप्रैल 2026

स्व-गणना की शुरुआत के साथ पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने स्वयं अपनी गणना पूरी कर पहल की और सभी नागरिकों से सशक्त एवं समावेशी भविष्य के लिए इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

# दिव्यांग सशक्तिकरण पहल

## राज्यपाल ने समावेशी समाज हेतु आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

**21 अप्रैल 2026**





चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर में 'सक्षम' संस्था द्वारा आयोजित मोटराइज्ड व्हीलचेयर वितरण समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया उपस्थित हुए। इस अवसर पर 20 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड व्हीलचेयर प्रदान की गईं, जिससे उनके जीवन में नई सुविधा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

राज्यपाल ने कहा कि यह पहल केवल उपकरण वितरण नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने 'सक्षम' संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज में समावेशी सोच को मजबूत करने वाला कदम बताया।

उन्होंने दिव्यांगजनों को समाज का सशक्त अंग बताते हुए सभी से सहयोग और संवेदनशीलता की भावना अपनाने का आह्वान किया। साथ ही, समाज के सक्षम वर्ग से सेवा और सहयोग में भागीदारी बढ़ाने की अपील की।



# डीएवी-10 दीक्षांत समारोह

## राज्यपाल ने उपाधियाँ देकर युवाओं को राष्ट्र निर्माण हेतु किया प्रेरित

**22 अप्रैल 2026**

चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित डीएवी कॉलेज के 63वें दीक्षांत समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया सम्मिलित हुए। उन्होंने 942 छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्यपाल ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों की सफलता का आधार बताया।

उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि निरंतर सीखते रहने की प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने नशा-मुक्त और सशक्त समाज के निर्माण पर भी बल दिया तथा युवाओं को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।







**"युवा शक्ति ही विकसित भारत की सशक्त आधारशिला है।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**





23 अप्रैल 2026

अमृतसर में श्रीमद् भागवत कथा के पावन आयोजन में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सहभागिता की और संतों के सान्निध्य में कथा श्रवण कर आध्यात्मिक शांति एवं भक्ति का अनुभव किया।

# प्रथम दीक्षांत समारोह

## राज्यपाल ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

23 अप्रैल 2026




गुरदासपुर में सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया सम्मिलित हुए। उन्होंने 560 छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की प्रगति, कौशल आधारित शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे केवल रोजगार पाने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजन करने वाले बनें।

राज्यपाल ने नशा-मुक्त, आत्मनिर्भर और सशक्त समाज के निर्माण पर बल देते हुए युवाओं को सकारात्मक दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# खालसा यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय सम्मेलन

## राज्यपाल ने उच्च शिक्षा में नवाचार व गुणवत्ता पर दिया बल

**24 अप्रैल 2026**








अमृतसर में खालसा यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सहभागिता की और उच्च शिक्षा के समक्ष चुनौतियों, नवाचार तथा समावेशी विकास पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रणाली को वैश्विक बदलावों के अनुरूप लचीला, बहुविषयक और रोजगारपरक बनाना आवश्यक है।

राज्यपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से मूल्य-आधारित और कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण भी किया और सिख इतिहास शोध केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने समृद्ध शैक्षणिक वातावरण और सिख विरासत की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक तैयार करना है।

# चिंतन शिविर आरंभ

## राज्यपाल कटारिया ने केंद्र-राज्य सहयोग को मजबूत करने का किया आह्वान

**24 अप्रैल 2026**





**“सामाजिक न्याय हमारे लोकतंत्र की आत्मा है; जब तक अंतिम व्यक्ति सशक्त नहीं होगा, विकसित भारत का लक्ष्य अधूरा रहेगा।”**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**

चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय “राष्ट्रीय चिंतन शिविर: अंत्योदय का संकल्प, अमृत काल का प्रतिबिंब - विकसित भारत @2047” का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के साथ किया। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह चिंतन शिविर नीतियों और जमीनी हकीकत के बीच प्रभावी संवाद का सशक्त मंच बना। उन्होंने जोर दिया कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। साथ ही, केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने और तकनीक आधारित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस दौरान सामाजिक न्याय से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, तकनीक आधारित पहलों और समावेशी विकास पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। SAMAVESH पोर्टल, NMBA 2.0, SETU और SMILE जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किए गए, जिससे सेवा वितरण में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ी।

राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी संभव है, जब समाज के सबसे कमजोर वर्ग को सशक्त बनाया जाए और कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे।

राष्ट्रीय चिंतन शिविर



# रन फॉर सिंधु मैराथन

## राज्यपाल ने युवाओं को फिटनेस, अनुशासन और नशामुक्त जीवन के लिए किया प्रेरित

**26 अप्रैल 2026**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में आयोजित "रन फॉर सिंधु मैराथन" के चौथे संस्करण में सहभागिता की। यह आयोजन पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




राज्यपाल ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें युवाओं को फिटनेस, अनुशासन और नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूक करती हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने युवाओं से नियमित व्यायाम, खेल और अनुशासित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि आज का युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति है और उसकी ऊर्जा, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करेगी। उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल आगे भी युवाओं को प्रेरित करती रहेगी।




**"यह मैराथन केवल दौड़ नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का सशक्त संदेश है।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



# एकात्म मानववाद चिंतन

## राज्यपाल ने अंत्योदय के सिद्धांत को बताया विकास का मूल आधार

**26 अप्रैल 2026**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन में आयोजित 'एकात्म मानववाद' विषयक बौद्धिक संगोष्ठी में सहभागिता की और अपने विचार साझा किए।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद केवल एक विचारधारा नहीं, बल्कि जीवन जीने की समग्र पद्धति है। उन्होंने बताया कि यह दर्शन व्यक्ति, समाज, प्रकृति और परमात्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है।

उन्होंने कहा कि आज विश्व जलवायु परिवर्तन और सामाजिक असंतुलन जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में यह दर्शन मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। उन्होंने 'अंत्योदय' को इसका मूल आधार बताते हुए कहा कि विकास का वास्तविक मापदंड अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है।

राज्यपाल ने युवाओं और विचारकों से आह्वान किया कि वे इस दर्शन को व्यवहार में उतारें और समरस, संवेदनशील तथा विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें।

**"सच्ची प्रगति तब होती है जब समाज के अंतिम व्यक्ति को सम्मान और अवसर मिले।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



# बैसाखी अवाड्‌र्स 2026

## राज्यपाल ने वैश्विक पंजाबी समुदाय को एकता का दिया संदेश

**26 अप्रैल 2026**



नई दिल्ली में आयोजित 'बैसाखी अवाड्‌र्स 2026' में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में तरणजीत सिंह संधू एवं मंजींदर सिंह सिरसा की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया।

राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 25 विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया और उनके कार्यों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने वर्ल्ड पंजाबी ऑर्गनाइजेशन तथा इसके अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद पद्मश्री विक्रमजीत सिंह साहनी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच वैश्विक स्तर पर पंजाबी समुदाय को एक सूत्र में जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने बैसाखी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया तथा पंजाबी समाज की परिश्रम, उद्यमशीलता और साहस की भावना की प्रशंसा की। उन्होंने प्रवासी पंजाबियों से अपनी जड़ों से जुड़े रहने और राज्य के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।



**"पंजाबी केवल एक पहचान नहीं, बल्कि एक जीवंत भावना है, जो हर परिस्थिति में आगे बढ़ना और दूसरों को साथ लेकर चलना सिखाती है।"**

**राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया**



26 अप्रैल 2026

नई दिल्ली प्रवास के दौरान पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट कर समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया।



26 अप्रैल 2026

नई दिल्ली में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट कर स्वच्छ एवं हरित चंडीगढ़ और पंजाब से जुड़े विषयों तथा सड़क अवसंरचना सुदृढ़ीकरण पर सार्थक विचार-विमर्श किया।



26 अप्रैल 2026

नई दिल्ली प्रवास के दौरान पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

# शिक्षा शक्ति सम्मान

## राज्यपाल ने विद्यार्थियों व माताओं को किया सम्मानित

**27 अप्रैल 2026**







नई दिल्ली के मॉडर्न स्कूल, शालीमार बाग में आयोजित "शिक्षा शक्ति सम्मान 2026" समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

राज्यपाल ने शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस अवसर पर "शिक्षा शक्ति सम्मान" के अंतर्गत उन प्रेरणादायी माताओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने पेशेवर जीवन के साथ-साथ परिवार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राज्यपाल ने नारी शक्ति के योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज की प्रगति का आधार बताया।

समारोह के दौरान राज्यपाल ने शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के महत्व पर बल दिया। यह आयोजन शिक्षा और नारी सशक्तिकरण के संदेश के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



# PGIMER दीक्षांत समारोह

## केंद्रीय मंत्री श्री जे.पी. नड्डा संग राज्यपाल ने 682 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं, 95 मेधावी सम्मानित

**30 अप्रैल 2026**

पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGIMER), चंडीगढ़ के 39वें दीक्षांत समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जहां पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया भी शामिल हुए।

समारोह के दौरान 682 विद्यार्थियों को विभिन्न चिकित्सा एवं शोध पाठ्यक्रमों में डिग्रियां प्रदान की गईं, जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 95 विद्यार्थियों को पदकों से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर PGIMER की चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट भूमिका को रेखांकित किया गया तथा संस्थान द्वारा स्थापित उच्च मानकों की सराहना की गई। सभी स्नातक विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।









# स्वाभिमान अवार्ड

## राज्यपाल ने विभूतियों, विद्यार्थियों व महिलाओं को सम्मानित कर शिक्षा व आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

**30 अप्रैल 2026**



लुधियाना में आयोजित स्वाभिमान अवार्ड समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की।

राज्यपाल ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों की विशेष प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई, जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरणा मिली।

उन्होंने सिलाई प्रशिक्षण पूरा करने वाली महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास समाज को सशक्त बनाने के सबसे प्रभावी साधन हैं।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला है। वंचित बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराना सच्ची मानव सेवा है और इससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है।





## पंजाब लोकभवन


सेक्टर-6, चंडीगढ़, पिन कोड-160019

ईमेल पता: section.press@gmail.com

आप हमें फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भी फ़ॉलो कर सकते हैं

G.C.KatariaUDR | @gulabchand_kataria | @Gulab_kataria



Printed & Published by DPR, U.T., Chandigarh